● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 260, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 05 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भाजपा का सत्ता में बने रहना मकसद: प्रियंका 5

सीनियर खिलाड़ियों से नाराज बीसीसीआई 6

## आगे बढ़ने के लिए समान अवसर जरूरी: राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाएं कई परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र की सफल महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विमानन उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर भी जरूरी हैं, एक आधिकारिक बयान में कहा गया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण के अलावा परिवार के सदस्यों का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। वहीं राष्ट्रपति के कार्यालय की तरफ से जारी बयान में राष्ट्रपति के हवाले से कहा गया है, अक्सर देखा जाता है कि कई महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार से सहयोग न मिलने के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं। इस बयान में आगे कहा गया है कि उन्होंने सफल महिलाओं से अन्य महिलाओं के लिए मार्गदर्शक बनने और उन्हें अपना करियर चुनने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति के अनुसार, भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाएं विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

राष्ट्रपति भवन से जारी बयान में कहा गया है कि यह बैठक प्रेसिडेंट विद द पीपल पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा संबंध स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, 11 प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और 9 प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वाले 18 प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं। राष्ट्रपति ने उन सभी महिला उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना की जो अभिनव तरीके से सोचती हैं और नए रास्ते पर चलने का साहस करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के समावेशी प्रयासों ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा दिया है। राष्ट्रपति ने कहा, अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं।

## बीजेपी के लिए आदिवासी स्वाभिमान सर्वोपरि : पीएम

### चाईबासा में जेएमएम-आरजेडी और कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

**चाईबासा**

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा के कोल्हान में विपक्षी दलों पर जमकर हमले किए। इस दौरान मोदी ने गुवा गोलीकांड का हवाला देते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राज्य बनने से पहले कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों के साथ अंग्रेजों की तरह बर्बरता की थी।



प्रधानमंत्री ने कहा, अस्सी के दशक में जब बिहार और दिल्ली दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी। झारखंड तब अलग नहीं हुआ था। बिहार का हिस्सा था। तब क्या हुआ था..आप जरा अपने माता-पिता, दादा-दादी और गांव के बुजुर्गों से पूछिए, उनको गुवा गोलीकांड जरूर याद होगा। जिस तरह की बर्बरता अंग्रेजों ने की थी, वैसी ही बर्बरता यहां कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों का खून बहाकर की थी।

उन्होंने आगे कहा, यहां कांग्रेस सरकार ने हमारे आदिवासी भाइयों को गोलियों से भून दिया था। हमारे आदिवासी पूर्वज सिर्फ अपना हक मांग रहे थे। वह अलग झारखंड राज्य मांग रहे थे। मत भूलिए.. तब राजद नेता भी कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। आपकी आकांक्षाओं, सपनों से इतनी ज्यादा नफरत है इन लोगों को। देखिए.. जो राजद झारखंड बनाने के लिए सहमत नहीं था। झारखंड बनाने की बात करने वालों को कुचल देना चाहता था, उस राजद की गोदी में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) बैठ गया है।

मोदी ने जनसभा में आगे नारे लगाते हुए कहा, पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है- रोटी, बेटी और माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-राजग (एनडीए) सरकार। उन्होंने कहा, भाजपा के लिए आदिवासी भाई-बहनों की आकांक्षा, उनका स्वाभिमान हमेशा सर्वोपरि रहा है। जब पहली बार भाजपा सरकार बनी। दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी को सेवा करने का अवसर मिला। अटल देश के प्रधानमंत्री बने। तब जाकर आदिवासी समाज को झारखंड और छत्तीसगढ़ अलग राज्य मिले। ये दो राज्य बनाने का सौभाग्य भाजपा को मिला।

उन्होंने कहा, आज फिर कोल्हान ने झामुमो, कांग्रेस, राजद की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि इस बार कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है। जो सालों-साल नहीं हुआ। वह इस साल होने जा रहा है। चाईबासा की इस विशाल रैली का संदेश भी यही है। आज मैं इस चुनाव अभियान में पहली बार आया हूं। यह मेरी दूसरी रैली है। दोनों रैली को देखने के बाद मैं दावे से कहता हूं कि भाजपा-एनडीए इतिहास में मिले हुए किसी भी परिणाम से और अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगी।

## पीएम किसान समृद्धि केन्द्र वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेंगे: डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीएम किसान समृद्धि केन्द्र वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। इनमें खाद, बीज, कृषि उपकरण और मिट्टी परीक्षण के अतिरिक्त खेती-किसानी से संबंधित अन्य जानकारियाँ भी उपलब्ध कराई जायेंगी। उल्लेखनीय है कि 3 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता विभाग और नर्मदा नियंत्रण मण्डल के कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये थे। पीएम किसान समृद्धि केन्द्रों का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर किसानों को मिट्टी, बीज, उर्वरक इत्यादि की जानकारी उपलब्ध कराई जाये। इसके साथ ही इन केन्द्रों को कस्टम हॉयरिंग सेंटर्स से जोड़कर किसानों को कृषि संबंधी छोटे और बड़े उपकरण भी उपलब्ध कराये जायें। किसानों को कृषि की बेहतर पद्धतियों और विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारियाँ प्रदान की जायें। ग्राम पंचायतों में पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित हो जाने से किसानों को अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें केन्द्र में ही खेती-किसानी के लिये आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध होंगे। संसाधन उपलब्ध न होने पर किसान समृद्धि केन्द्र समन्वयक की भूमिका निभाकर उन्हें संसाधन उपलब्ध करायेगा। इससे किसानों का खाद, बीज, उर्वरक और कृषि उपकरणों की खरीदी के लिये आने-जाने का समय भी बचेगा और अन्य व्यय भी नहीं होंगे। उन्हें किसान समृद्धि केन्द्र पर ही गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे वे बेहतर उपज भी प्राप्त कर सकेंगे। पीएम किसान समृद्धि केन्द्र पर हेल्प-डेस्क भी रहेगी। यहाँ से मृदा विश्लेषण और मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्वों के उपयोग की जानकारी मिलेगी। मौसम पूर्वानुमान की जानकारी मिलेगी। केन्द्र से फसल बीमा, ड्रोन, कृषि वस्तुओं की जानकारी के साथ अधिक लाभार्जन के लिये फसलों के पेटर्न के पैकेज संबंधी जानकारी भी मिलेगी।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट से 10 लोगों की मौत

### दस से ज्यादा भूकंप आए, कई घरों पर गिरे आग के गोले, 10 हजार लोगों पर असर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी द्वीप फ्लोर्स में सोमवार को माउंट लियोटोबी लाकी-लाकी ज्वालामुखी में विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, वोल्कैनो में रविवार (3 नवंबर) को करीब 24 मिनट तक विस्फोट हुआ। इसके बाद यह रातभर कई बार फटा और सुबह करीब 6 बजे 300 मीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार उठता नजर आया। ज्वालामुखी विस्फोट की वजह से दर्जनों भूकंप भी आए। फिलहाल इंडोनेशिया की सरकार ने और झटकों की आशंका जताई है।



ज्वालामुखी फटने से 7 गांवों में रह रहे 10 हजार लोगों को नुकसान हुआ है। इस दौरान कई घर भी जलकर राख हो गए।

लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद ऐसा लग रहा था जैसे आग के गोले घरों पर गिर रहे हैं। वे अपना घर छोड़कर इधर-उधर भागने लगे। प्रशासन ने लोगों को वोल्कैनो के 7 किलोमीटर के दायरे से दूर रहने की सलाह दी है। 5 गांवों को खाली कराया गया। स्थानीय एक पत्रकार ने बताया कि माउंट लाकी-लाकी के पास 5 गांवों को खाली करा लिया गया है। इसके अलावा लोगों को धुएं के असर से बचने के लिए मास्क लगाने की सलाह दी है। अक्टूबर से लेकर अब तक माउंट लाकी-लाकी में 43 बार विस्फोट हो चुका है। पिछले हफ्ते ज्वालामुखी फटने के बाद 800 मीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार उठता नजर आया था।

## उदयनिधि स्टालिन बोले- तमिल फिल्म इंडस्ट्री में अरबों का रेवेन्यू

**कोझिकोड।** तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने साउथ और नॉर्थ इंडिया की फिल्म इंडस्ट्री की तुलना की है। उन्होंने कोझिकोड में आयोजित साहित्य महोत्सव में कहा- बॉलीवुड के अलावा किसी भी उत्तरी भारत के राज्य में दक्षिण भारत की तरह फिल्म इंडस्ट्री नहीं है। ये कार्यक्रम 2 नवंबर को हुआ था। उदयनिधि ने कहा- तमिल फिल्म इंडस्ट्री अब अरबों डॉलर का रेवेन्यू जनरेट कर रही है। केरल, तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा भी फल-फूल रहा है।

## वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अखबारों की खबरों को देखकर लगता है कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है कि पटाखों को प्रतिबंधित क्यों नहीं किया गया? सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा में पराली जलने पर भी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों से भी जवाब-तलब किया है।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अखबार में प्रकाशित सुप्रीम कोर्ट के पटाखे पर प्रतिबंध लगाने के आदेश लागू न करने पर सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पटाखों पर प्रतिबंध क्यों लागू नहीं किया गया? प्रतिबंध था तो पटाखे कैसे चलाए गए? पीठ ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश रिकॉर्ड पर रखे जाएं और पटाखे फोड़ने वालों पर क्या कार्रवाई की गई, इसकी जानकारी भी दी जाए। पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार और पुलिस कमिश्नर यह भी बताएंगे कि वे ऐसे क्या कदम उठाएंगे, ताकि अगले साल ऐसा न हो। वहीं कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब की सरकारों से अक्तूबर के आखिरी दस दिनों के दौरान पराली जलाने की घटनाओं की संख्या बताते हुए 14 नवंबर तक हलफनामा दाखिल करने को कहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फूलका ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली पर पटाखों पर प्रतिबंध लागू न होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

## टीडीपी उपाध्यक्ष बोले- सीएम नायडू धर्मनिरपेक्ष

**नई दिल्ली।** तेलुगु देशम पार्टी के उपाध्यक्ष नवाब जान ने कहा कि आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू धर्मनिरपेक्ष मानसिकता वाले व्यक्ति हैं। वे हमारे सीएम भी हैं। वे मुसलमानों को नुकसान पहुंचाने वाले विधेयक को लागू नहीं होने देंगे। नवाब ने यह बात वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को लेकर कही। उन्होंने कहा- चंद्रबाबू हमेशा कहते रहे हैं कि उनकी दो आंखें हैं- एक हिंदू और एक मुस्लिम। एक आंख को नुकसान पहुंचाने से पूरे शरीर पर असर पड़ता है और हमें विकास के पथ पर आगे बढ़ते समय इसे ध्यान में रखना चाहिए।

## यूपी, पंजाब, केरल में उपचुनाव की तारीख बदली

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदल गई है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि तीनों राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को ही आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक उत्तर प्रदेश की 9, पंजाब की 4 और केरल की 1 विधानसभा सीटों पर अब 20 नवंबर को वोटिंग होगी। तारीखों में बदलाव भाजपा, कांग्रेस, आरएलडी और बसपा की मांग पर की गई है। इन पार्टियों का कहना था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व है। वहीं, केरल में 13 से 15 नवंबर तक कलपाथि रास्थोलसेवम मनाया जाएगा। इससे वोटिंग पर असर पड़ता।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र में हंगामा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को विधानसभा सत्र का पहला दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। दरअसल, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक वाहिद पारा ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। इसके विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया। कुछ विधायक वेल में भी पहुंच गए। इस पर स्पीकर रहीम अब्दुल राथर ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसे किसी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। मुख्यमंत्री उमार अब्दुल्ला ने कहा कि, सदन 370 पर कैसे चर्चा करेगा। इसका फैसला कोई एक सदस्य नहीं लेगा। आज लाए गए प्रस्ताव का कोई महत्व नहीं है। अगर इसके पीछे कोई उद्देश्य होता, तो पीडीपी के विधायक पहले हमसे इस पर चर्चा करते।



अब्दुल्ला ने कहा- भाजपा से अनुच्छेद 370 को बहाल करने की उम्मीद करना मूर्खता है। हमें पता था कि 370 पर एक प्रस्ताव आने वाला है। वास्तविकता यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग केंद्र सरकार के 5 अगस्त, 2019 को लिए गए निर्णय को स्वीकार नहीं करते हैं। अगर उन्होंने इसे स्वीकार किया होता, तो आज परिणाम अलग होते।

हंगामे से पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस के सीनियर विधायक अब्दुल रहीम राथर को स्पीकर पद के लिए चुन लिया गया है। प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने राथर के नाम का प्रस्ताव पेश किया, जो पास भी हो गया है।

## कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला

**ओटावा।** कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को हिंदू सभा मंदिर में आए लोगों पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में खालिस्तानी झंडे थे। उन्होंने मंदिर में मौजूद लोगों पर लाठी-डंडे बरसाए। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भी श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में आज हुई हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है।

घटना के बाद से इलाके में तनाव है। भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। पील रीजनल पुलिस चीफ निशान दुरईप्पा ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

## चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र की डीजीपी का ट्रांसफर किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से 16 दिन पहले चुनाव आयोग ने डीजीपी रश्मि शुक्ला का ट्रांसफर कर दिया है। चुनाव आयोग ने सोमवार सुबह चीफ सेक्रेटरी को रश्मि के ट्रांसफर के निर्देश देते हुए कहा कि कैडर में अगले सबसे सीनियर आईपीएस अधिकारी को उनका प्रभार सौंपा जाएगा। साथ ही आयोग ने चीफ सेक्रेटरी को निर्देश दिए कि महाराष्ट्र के नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए कल (5 नवंबर) दोपहर 1 बजे तक तीन आईपीएस अधिकारियों का पैनल भेजें। रश्मि शुक्ला के खिलाफ महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी।

## वायु सेना का मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त

**आगरा।** आगरा में सोमवार को वायु सेना का विमान मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और को-पायलट ने कूदकर जान बचाई। वायुसेना की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तकनीकि खराबी आने से ये हादसा हुआ। इस पूरा हादसे की जांच कराई जाएगी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद पायलट और उसके साथी दो किलोमीटर दूर मिले हैं। गनीमत रही कि पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को कागारौल के सोनिगा गांव के पास खाली खेतों में गिराया। यदि आबादी वाले हिस्से में विमान क्रैश होता तो बड़ी क्षति हो सकती थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक यह मिग-29 विमान था, जो पंजाब के आदमपुर से उड़ा था। फिलहाल घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ है। मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया है। थाना कागरोल क्षेत्र के गांव बघा और बहा के बीच में किसान बॉबी के खेत में यह विमान क्रैश हुआ है। स्थानीय निवासी अजय चाहर ने बताया कि आज का जला हुआ विमान उनके गांव नारोल के ऊपर होकर गुजरा था, पायलट की सूझबूझ से विमान गांव पर नहीं गिरा नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। एयरफोर्स की टीम मौके पर पहुंच गई है। फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। भारतीय वायुसेना ने जारी बयान में कहा कि एक मिग-29 विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान सिस्टम में खराबी आने के बाद आगरा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए वायुसेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

## छठ पूजा में शामिल होंगे 15 करोड़ से अधिक लोग

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा के लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, इस वर्ष छठ पूजा के 96 घंटे यानी चार दिनों में देश भर में लगभग 12 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। कपड़े, फल, फूल, सब्जी, साड़ियों एवं मिट्टी के चूल्हे सहित छोटे उत्पादों के व्यापार में बड़ा उछाल देखा जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार, देश भर में लगभग 15 करोड़ से अधिक लोग छठ पूजा में शामिल होंगे।

खंडेलवाल के मुताबिक, 5 नवंबर को नहाय-खाय से शुरू होकर 8 नवम्बर तक चलने वाले चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव के दौरान बिहार एवं झारखंड के अलावा देश के अन्य राज्यों में बसे पूर्वांचल के लोग बेहद उत्साह एवं उमंग के साथ छठ पूजा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 15 करोड़ से अधिक लोग छठ पूजा में शामिल होंगे, जिनमें स्त्री, पुरुषों के अलावा युवा एवं बच्चे सभी शामिल हैं। कैट, जो कि हर त्योहार के बिक्री के आंकड़े जारी कर रहा है, ने छठ पूजा की बिक्री के आँकड़े आज जारी करते हुए कहा कि छठ पूजा के त्योहार पर देश भर में लगभग 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार की उम्मीद है। छठ पूजा, भारत की लोक संस्कृति का सबसे बड़ा त्योहार



माना जाता है। दिल्ली के सभी भागों में भी बड़ी संख्या में पूर्वांचली लोग रहते हैं। अनेक वर्षों से दिल्ली में भी छठ का त्योहार बड़े उत्साह से मनाया जाता है। सैंकड़ों स्थानों पर छठ की पूजा पूर्ण विधि विधान से की जाती है। दिल्ली में चांदनी चौक, सदर बाजार, मॉडल टाउन, अशोक विहार, आदर्श नगर, पीतमपुरा, आजादपुर, शालीमार बाग, रानी बाग, पश्चिम विहार, उत्तम नगर, तिलक नगर, कालकाजी, ग्रेटर कैलाश, प्रीत विहार, शाहदरा, लोनी रोड, लक्ष्मी नगर, विकास मार्ग, यमुना विहार व आनंद विहार आदि के बाजारों में लोगों द्वारा छठ पूजा का सामान खरीदने की रौनक लगी हुई है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया, बिहार एवं झारखंड के अलावा यह त्योहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ विदर्भ एवं मध्य प्रदेश में भी बड़े ज़ोर शोर से मनाया जाता है। वजह, इन सभी राज्यों में पूर्वांचल के लोग बड़ी संख्या में काम करते हुए अपनी आजीविका अर्जित करते हैं। यह भारत की संस्कृति एवं सभ्यता है कि जहां छठ पूजा के दौरान उगते सूर्य के साथ पहले डूबते सूर्य की पूजा की जाती है, जो इस बात को स्पष्ट दर्शाता है कि उगते के साथ तो सब होते हैं लेकिन भारत के लोग डूबते का भी सहारा बनते हैं। इसमें भी अपनी खुशियां खोजते हैं।

कैट के अनुसार छठ पूजा में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, जैसे बांस के सूप, केले के पत्ते, गन्ना, मिठाई, फल और सब्जियों में विशेष रूप से नारियल, सेब, केला और हरी सब्जियां शामिल हैं। छठ पूजा के अवसर पर महिलाओं के पारंपरिक परिधानों, जैसे साड़ी, लहंगा -चुन्नी, सलवार कुर्ता और पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, धोती आदि की बड़ी खरीददारी हुई है। इससे स्थानीय व्यापारियों को लाभ हुआ है। छठ पर्व पर लघु एवं कुटीर उद्योग को भी बल मिला है।

# पूर्व छात्र हमारे विद्यालय के सच्चे राजदूत हैं : रमापति

## विंध्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई मे हुआ पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन




**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले के सरई मे विंध्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में एक भव्य पूर्व छात्र सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य विद्यालय के पूर्व छात्रों को एकत्रित करना, उनके अनुभव साझा करना और विद्यालय के विकास के लिए सुझाव लेना था। सम्मेलन में विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकों और पूर्व छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन विद्यालय के संचालक रमापति जायसवाल ने किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा पूर्व छात्र हमारे विद्यालय के सच्चे राजदूत हैं। आपके अनुभव और सफलता से वर्तमान छात्रों को प्रेरणा मिलेगी। इसके बाद, विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें पिछले वर्ष की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का उल्लेख किया गया।सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए पूर्व छात्रों के बीच एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। पैनल में शामिल रहे शिक्षित, तकनीकी विशेषज्ञ और उद्यमी पूर्व छात्र। उन्होंने अपने करियर के अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करें। पूर्व छात्रों ने कहाँ कि विद्यालय ने हम लोगों को केवल शिक्षित ही नहीं किया बल्कि आत्मविश्वास भी दिया। आज हम सब जो कुछ हैं उसके लिए अध्यापकों का आभारी हूँ। इसी प्रकार,सभी अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय की शिक्षा प्रणाली की सराहना की। सम्मेलन के दौरान एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पूर्व छात्रों ने नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम में रंगीनता आई। इन प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पुरानी यादों को ताजा कर दिया। अंत में, विद्यालय के संचालक ने सभी पूर्व छात्रों का धन्यवाद किया और उन्हें आगे भी विद्यालय से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा आपका समर्थन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि आप विद्यालय के विकास में सक्रिय भागीदारी करें। इस सम्मेलन ने न केवल पूर्व छात्रों को एकजुट किया, बल्कि वर्तमान छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना। सभी उपस्थित लोग इस सम्मेलन को सफल मानते हैं और इसे आगामी वर्षों में नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस तरह विंध्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई का यह पूर्व छात्र सम्मेलन विद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बन गया, जिसने सभी को एकजुट किया और विद्यालय के प्रति पूर्व छात्रों की प्रतिबद्धता को मजबूत किया इस मौके पर आईपी त्रिपाठी संस्थापक, राम भुवन द्विवेदी मुख्य वक्ता, रमापति जायसवाल विद्यालय(प्रबंधक), श्याम जायसवाल, रामदास जायसवाल (प्राचार्य) विद्यालय के पूर्व शिक्षक व पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# पुलिस नाइट गस्त में 246 आरोपियों पर पुलिस की कार्यवाही

### पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कराया औचक कम्बिंग



**सिंगरौली।** बीती रात 3-4 नवम्बर को 300 से अधिक पुलिस कर्मियों की अलग अलग टीमों ने नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी, इनामी बदमाशों, जिला बदर व इनामी,गुण्डा,निगरानी बदमाश के साथ अन्य अपराधों में फरार आरोपियों की धरपक? करते हुए 246 आरोपियों पर कार्रवाई की है।

जिले में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के नेतृत्व में एवं अनुभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) के मार्गदर्शन में 300 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियो की अलग अलग टीमें बनाकर एवं उन्हे ब्रीफ कर नाइट कॉम्बिंग गस्त की। रात भर चली इस कार्यवाहीं में लगभग 6 घण्टे में 64 गिरफ्तारी वारंटी आरोपी गिरफ्तार किए हैं। 14 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 78 निगरानी बदमाश, 70 गुण्डा बदमाश को चेक किया गया तथा 1 आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध कर शराब जब्त की गई। एवं अन्य 19 अनावश्यक रुप से रात्रि में घुमने वाले असामाजिक तत्वो के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान शहर एवं कस्बों में एटीएम एवं बैंकों की सुरक्षा में लगाए गए उपकरण एवं सुरक्षा गार्डों को भी चेक किया गया। रात्रि कॉम्बिग गस्त के दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना-चौकी प्रभारीगणों नें पेट्रोलिंग कर प्रमुख चौक-चौराहों पर आने जाने वालों से पूछताछ की गई। इस दौरान बेवजह घूमते पाये गये युवकों को पुलिस अधिकारियों ने समझाईश दिया गया, वही परिवारजन के साथ सफर कर रहे व्यक्तियों को कोई दिक्कत ना हो उसका भी ध्यान रखा गया। यह कार्यवाही पूरे जिले में एक साथ की गई।

## धूमधाम से मनाया गया भाई दूज का पर्व, बहनों ने की भाई के लंबी उम्र की कामना



**सिंगरौली।** सिंगरौली में शहर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और उनकी सुरक्षा की कामना की। ग्रामीण अंचलों में अन्नकूट स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं की भी? देखी गई, जहां बहनों ने गाय के गोबर से अलग-अलग आकृतियां बनाकर गोधन कूटा और अपने भाइयों के नाम पर भगवान से उनकी रक्षा का आशीर्वाद मांगा।

भाई दूज के दिन भाइयों के घर पहुंचने पर बहनों ने उनका तिलक कर आरती उतारी और उनकी दीर्घायु की प्रार्थना की। इस अनोखी परंपरा में बहनों ने पहले अपने भाइयों को प्रतीकात्मक रूप से मृत्यु का शाप दिया और फिर अपनी जीभ पर कांटा चुभाकर इस शाप का प्रायश्चित किया। इसके बाद गोबर के प्रतीकात्मक गोधन को कूटते हुए अपने भाइयों की सुरक्षा की कामना की। इसके उपरांत भाइयों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार बहनों को उपहार भेंट किए।

## सीएम हेल्प लाईन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर ने किया सम्मानित

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा सीएम हेल्प लाईन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। साथ ही आगे भी इसी तरह से प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने हेतु प्रेरित किया गया। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों में उपसंचालक कृषि आशीष पाण्डेंय, खनिज अधिकारी ए.के राय, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, जिला आबकारी अधिकारी खमेराज श्याम, उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा,सहायक यंत्री पीएचई सुनील नरेती को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# वन विभाग जंगलो में होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी से जिला प्रशासन को भी अवगत करायें: कलेक्टर

## भूमि पूजन या लोकापर्ण के कार्य स्थानीय विधायकों से कराया जाना सुनिश्चित करे : शुक्ला


**सिंगरौली**



वन विभाग जंगलो में होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी जिला प्रशासन को भी अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें। तथा भूमिपूजन या लोकापर्ण के कार्य स्थानीय विधायकों से कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि बड़े कार्य है तो संबंधित विधायक से चर्चा कर मंत्री सांसद से कराया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिया गया।

कलेक्टर ने कहा कि वन विभाग में आकस्मिक रूप से आम जन मानस के साथ साथ जंगली जानवरों की बड़े स्तर पर कभी कभी दुर्घटना हो जाती हैं। जिसकी जानकारी संबंधित विभाग के द्वारा जिला प्रशासन को भी दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में भी जो विकास के कार्य दूसरे मदों से जैसे विधायक निधि या डीएमएफ फण्ड आदि से किये जाते हैं। ऐसे कार्यो को भी स्थानीय विधायक से लोकापर्ण या भूमिपूजन जिलाधिकारी या संबंधित एजेंन्सी करायें। कलेक्टर सीएम हेल्प लाईन समाधान के साथ साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रो के निराकरण के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दियें कि प्राप्त आवेदन पत्रो का समय सीमा के अंदर निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। ऐसे विभाग प्रमुख जिनके द्वारा प्राप्त शिकायतों को अटेंड नही किया गया तो नियमानुसार 100 प्रति शिकायत के आधार पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही किया जायेगा।कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को इस आशय के निर्देश दियें कि समाधान एक दिवस अंतर्गत लंबित सीमांकन, वटनवारा, पीएम किसान निधि, भू अर्जन से संबंधित जो भी प्रकरण लंबित हो उनका निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपसंचालक कृषि से खाद, बीज की उलंब्धता की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दियें कि किसानों को किसी भी प्रकार से खाद बीज की कठिनाई न हों समय पर किसानो को खाद बीज उपलंब्ध करायें। बैठक के दौरान इस आशय के भी निर्देश दिये गयें कि सभी अधिकारी केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ लक्ष्य के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को दिया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही स्वा रोजगार योजना से संबंधित जो भी आवेदन बैंको में लंबित है। उनका शीघ्र निराकरण कराया जाकर हितग्राही को लाभ प्रदान करायें।

# गुलाबी ठण्डक ने दी दस्तक, बाजारों में गर्म कपड़ो की भरमार



**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले में ठण्ड ने दस्तक दे दी है। दीपावली त्यौहार के बाद ठण्ड धीरे धीरे प्रारंभ हो जाती है। इस वर्ष भी दीपावली त्यौहार बीतने के साथ ही सुबह व रात में हल्की ठण्ड महसूस होने लगी है। ठण्ड की दस्तक शुरू होते ही बाजारों में गर्म कपड़ों की बिक्री शुरू हो गयी है। जिला मुख्यालय वैढ़न में कपड़ो की दुकानों तथा मॉल में गर्म कपड़ों की बिक्री शुरू हो गयी है। भले ही लोग अभी गर्म कपड़े नहीं पहन रहे हैं इसके बावजूद बाजारों में ठण्ड से निपटने की तैयारी शुरू हो गयी है।

माजन मो कलेक्ट्रेट के सामने गर्म कंबल का फुटपाथ पर बाजार लग गया है जहां लोग खरीददारी करते देखे गये। वहीं मल्हार पार्क के सामने गर्म कपड़ो की दुकान तिब्बतियन ल्हासा मार्केट प्रारंभ हो गया है जहां तिब्बती शरणार्थी गर्म कपडों की बड़े पैमाने पर बिक्री कर रहे हैं।

ठण्ड को देखते हुये गर्म कपड़ों के साथ इलेक्ट्रानिक दुकानों में हीटर, गीजर आदि का स्टाक भी पहुंचने लगा है। जानकारों का कहना है कि जिस तरह से इस बार रिकार्ड तोड़ गर्मी व बरसात हुयी है उसे देखते हुये अनुमान लगाया जा रहा है कि ठण्ड भी दुसरे वर्षों की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही पड़ेगी। ऐसे में इस वर्ष ठण्ड से निपटने के तैयारियां ज्यादा करनी पड़ेंगी।

# स्वदेशी जागरण मंच की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**सिंगरौली।** स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा बीते रविवार को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस डिग्री कॉलेज बैढ़न में ऑडिटोरियम सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष गजराज सिंह, प्रांत समन्वयक कपिल मलैया, प्रांत विचार प्रमुख राकेश तिवारी के साथ-साथ प्रांतीय संगठन मंत्री प्रजातंत्र गंगेले की मौजूदगी में स्वदेशी जागरण मंच सिंगरौली के नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जहां प्रमुख अतिथियों के अनुमोदन उपरांत नई कार्यकारिणी में संरक्षक डॉ आर डी पाण्डेय ,जिला संयोजक रामखेलावन मिश्रा प्रधानाचार्य, सहसंयोजक श्रीकांत द्विवेदी,सह संयोजक प्रदीप शुक्ला,सह संयोजक श्रीनिवास श्रीवास्तव,सह संयोजक विकास मिश्रा देवसर,मातृशक्ति जिला प्रमुख प्रीता गुर्जर,सह प्रमुख अस्मिता गुप्ता, जिला संपर्क प्रमुख मनोहर लाल वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र सिंह, नीलम उपाध्याय , रविचंद्र शाह,अंशु सिंह, अंकित कुमार शाह को बनाया गया है। वही स्वदेशी स्वावलंबन अभियान मे सुखचैन शुक्ला जिला समन्वयक,गजमोचन सिंह , रवि प्रकाश वर्मा , रामनरेश त्रिपाठी , जग प्रसाद विश्वकर्मा ,सत्यकुमारी जायसवाल, रमेश गुर्जर को बनाया गया है।

# पंजीकृत श्रमिको एवं उनके परिवार के पात्र सदस्यों का शत प्रतिशत बनाये आयुष्मान कार्ड: कलेक्टर

### कोई भी पात्र बुजुर्ग आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित न रहे : शुक्ला

**सिंगरौली।** राज्य शासन के निर्देशानुसार भवन एवं सनिर्माण में पंजीकृत समस्त श्रमिकों तथा उनके परिवार जनो का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। साथ ही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन को निर्देश दिया गया कि शासन के मंशानसार जिले के समस्त पात्र श्रमिकों तथा पात्र बुजुर्गो का 4 नवम्बर 2024 से 11 नवम्बर तक चलाऐ जा रहे अभियान के दौरान शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करेगे। कलेक्टर ने बताया कि आयुष्मान योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्डधारी को प्रति वर्ष 5 लाख रूपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा उपलंब्ध करायें जाने का प्रावधान है। योजना के तहत पात्र बुजुर्ग आशा, एएनएम या कामन सर्विस सेंटर में केवल आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि वा आधार से लिंक मोबाईल नम्बर के माध्यम से सुगमता के साथ अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इसके अलावा आयुष्मान एप अपने मोबाईल में डाउनलोड कर स्वंय से भी अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते है।

## विवाह कार्यक्रम की निर्धारित तिथि से 15 दिवस पूर्व आवेदनों को ही मिलेगी स्वीकृति : शुक्ला

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह का 18 नवंबर से होगा शुभारंभ

**सिंगरौली**

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह,निकाह के आयोजन 18 नवंबर , 9 दिसंबर, 3 जनवरी 2025 ,6 फरवरी , 7 मार्च निर्धारित तिथि पर जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में एवं जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में किया जाना है । आवेदन लेने की प्रक्रिया के संबंध में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि विवाह कार्यक्रम की निर्धारित तिथि से 15 दिवस पूर्व वधू एवं वर को संयुक्त रूप से अथवा उनके माता-पिता द्वारा आवेदन करना अनिवार्य होगा अन्य किसी भी व्यक्ति से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाये। आवेदन जमा करने हेतु 2 से 3 काउंटर बनाए जावे । ई केवाईसी ना होने अथवा समग्र में दर्ज जानकारी के कारण आवेदन ऑनलाइन नहीं होता है तो तत्काल आवेदक को लिखित में अवगत कराते हुए आवेदन वापस कर दी जावे । उन्होंने निर्देश दिए कि आवेदन प्राप्त होते ही उसे जांच के लिए समिति को उपलब्ध करा दिया जावे जिसमें पड़ोसियों का पंचनामा अनिवार्य रूप से लिया जावे। आयुक्त अपने प्रतिनिधि से तथा सीईओ एवं सीएमओ स्वयं कम से कम तीन आवेदन पत्रों की जांच रेंडम तौर पर करेंगे। जांच पश्चात पात्र एवं अपात्र करने की प्रक्रिया को विवाह कार्यक्रम के 7 दिवस पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

## बीजेपी कार्यकर्ता ने सपा जिलाध्यक्ष के मोबाइल से कर दिया बड़ा खेल, एसएमएस आने पर मच गया बवाल

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में बीजेपी के सदस्यता अभियान को लेकर धोखे से सदस्य बनाने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामदास पांडेय ने आरोप लगाया है कि उन्हें धोखे से बीजेपी का सदस्य बना दिया गया है। उन्होंने इसकी शिकायत थाने में की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, सतना जिले के सपा जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि देवेंद्र प्रताप सिंह ने मित्रता का लाभ उठाकर उनका फोन मांगा और फर्जी तरीके से उन्हें बीजेपी का सदस्य बना दिया। पांडेय ने बताया कि देवेंद्र प्रताप सिंह ने 1 नवंबर को फोन कर सर्किट हाउस बुलाया।

# केन्द्रीय कोयला मंत्री ने किया एनसीएल के 50 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन




**सिंगरौली।** रविवार को कोल इंडिया लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार,जी.किशन रेड्डी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के निगाही स्थित 50 मेगावॉट सोलर पॉवर प्लांट का उदघाटन किया। एनसीएल की इस महत्वाकांक्षी सौर ऊर्जा परियोजना के माध्यम से सालाना 94 मिलियन यूनिट अक्षय ऊर्जा का उत्पादन होगा। 250 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित व 129 एकड़ क्षेत्र में फैले, इस प्लांट के निर्माण में 1 लाख 80 हजार से अधिक सोलर मॉड्यूलस का उपयोग किया गया है। इस सोलर प्लांट से वार्षिक 78000 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।कोल इण्डिया के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोलकाता में आयोजित इस उद्घाटन समारोह के दौरान विक्रम देव दत्त, सचिव, भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, श्रीमती रूपिंदर बरार, अपर सचिव, भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, श्रीमती विस्मिता तेज, अपर सचिव, भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, पी एम प्रसाद, चेयरमैन कोल इंडिया, कोल इंडिया के निदेशक मण्डल, एनसीएल सहित सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी, पूर्व चेयरमैन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे । इस अवसर पर निगाही स्थित सोलर पॉवर प्लांट परिसर में स्थित कार्यक्रम में विधायक-सिंगरौली राम निवास शाह , नगर निगम अध्यक्ष, देवेश पांडेय, निदेशक (कार्मिक), एनसीएल मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), एनसीएल रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी-परियोजना एवं योजना), एनसीएल सुनील प्रसाद सिंह, कंपनी जेसीसी सदस्य लाल पुष्पराज सिंह, श्यामधर दुबे, अशोक कुमार पाण्डेय, एनसीएल मुख्यालय एवं निगाही परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारीगण अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे व विडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम से जुड़े। गौरतलब है कि नवीकरणीय ऊर्जा व व्यावसायिक विविधता को समर्पित यह सौर ऊर्जा संयंत्र एनसीएल का नेट जीरो बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नहरों की सफाई न होने से खेतों में कैसे पहुंचेगा पानी

## कागजों में कराई जा रही नहरों की सफाई

सीधी

जिले में कृषि सीजन के दौरान भी जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की स्वेच्छाचारिता के चलते किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता। लिहाजा किसान खेतों में पानी पहुंचाने के लिए काफी परेशान रहते हैं। ऐसा ही हाल विकासखंड कुसमी क्षेत्र के सिंचाई बांधों एवं उनसे जुड़ी नहरों का है। भगवार क्षेत्र के कोडार बांध, भुईमाड़ के देवरी बांध, जूरी बांध, बकिया, बरचर बांध क्षेत्र से सिंचाई के लिए एक पखवाड़े में पानी की जरूरत पड़ेगी। सैकड़ों किसानों ने बताया कि स्थिति यह है कि रबी सीजन में खेती-किसानी का कार्य एक पखवाड़े बाद शुरू हो जाएगा। स्थिति यह है कि बाधों की जो नहर है वह जगह-जगह से पटी हुई हैं। ऐसे में खेतों तक पानी कैसे पहुंचेगा इसको लेकर किसानों की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। जब इस संबंध में सिंचाई बांध की व्यवस्था देख रहे अधिकारियों से बात की जाती है तो उनका कहना है कि खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए माइनर नहरों की मरम्मत एवं सुधार कार्य होना जरूरी है। यह कार्य कब तक होगा इसको लेकर संबंधित अधिकारी लगातार गोलमाल जवाब दे रहे हैं। हकीकत यह है कि जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों द्वारा नहर सफाई एवं मरम्मत के नाम पर लाखों का बजट फर्जी तौर पर पहले खर्च किया जा चुका है। अब उन्हे इंतजार है कि पानी की मांग के लिए किसान लगातार आवाज उठाए जिसके बाद आनन-फानन में नहरों में पानी छोड़ दिया जाये। उस दौरान किसानों को सिंचाई पानी की काफी आवश्यकता होगी इस वजह से जहां नहर पटी हुई है किसान अपने से वहां का सुधार कार्य स्वयं कर लेंगे। किसानों को तो हर हाल में खेत तक पानी ले जाना है। जहां की माइनर नहर में मिट्टी पटी हुई है किसान जरूरत पडने पर स्वयं वहां खुदाई कर साफ करेंगे। बाद में यही इंजीनियर नहर मरम्मत एवं सफाई के नाम



पर करोड़ों का गोलमाल पूर्व की तरह इस बार भी कर लेंगे। उनके द्वारा समय से पूर्व मुख्य नहर एवं माइनर नहरों की सफाई एवं जहां क्षतिग्रस्त है वहां मरम्मत का काम कराने में लापरवाही बरती जा रही है। संबंधित अधिकारी दिसंबर माह में नहरों में पानी छोंडने की तैयारी निर्धारित करके अभी पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। जब बोनी का काम पिछडने लगेगा उस दौरान नहर में पानी छोंड़ा जाएगा।

### हर वर्ष नहर सफाई न होने से होती है दिक्कतें

विकासखंड कुसमी क्षेत्र के सिंचाई बांधों से जरूरत के समय खेतों तक पानी न पहुंचने की समस्या से हर वर्ष किसानों को लम्बे समय तक परेशान होना पड़ता है। स्थिति यह है कि किसानों को समय पर पानी नहीं दिया जाता। जब काफी आवश्यकता बढ़ जाती है उसी दौरान आनन-फानन में बांध से पानी छोड़ दिया जाता है। उस दौरान किसानों को स्वयं अपने खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पटी हुई नहरों की सफाई एवं मरम्मत करना पड़ता है। किसान चाहते हैं कि समय पर मिट्टी से पटी नहरों की विभाग द्वारा सफाई एवं मरम्मत करा दी जाय लेकिन जिम्मेदार अभी सिर्फ समय व्यतीत करने में लगे हुए हैं। बाद में उनके द्वारा फर्जी बिल व्हाउचर लगाकर नहर सफाई एवं मरम्मत का बजट हजम कर लिया जाएगा। स्थिति यह है कि कई उपयंत्री एवं एसडीओ जितने क्षेत्र की नहर नहीं है उससे कई गुना क्षेत्र में सफाई एवं मरम्मत करना दर्शा देते हैं।

### जिले के अन्य क्षेत्रों की नहरों का हाल-बेहाल

जिले के कई क्षेत्रों में खेती-किसानी के लिए सिंचाई बांध से नहरों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सरकार द्वारा बनाई गई है। नहरों के संधारण की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों के ऊपर है उनके द्वारा रबी सीजन की खेती-किसानी के पूर्व नहरों की साफ-सफाई के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया जाता है। लाखों की राशि नहरों की साफ-सफाई एवं मरम्मत के नाम पर खर्च कर दी जाती है। बाद में जरूरत के समय आनन-फानन में क्षतिग्रस्त नहरों में ही पानी छोंड़ दिया जाता है। उस दौरान किसान भी खेतों में जल्द से जल्द पानी पहुंचाने के लिए अपने से क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत जगह-जगह करते हैं और मलबे से पटी नहरों की साफ-सफाई का काम भी करते हैं। जिले में बाणसागर, महान समेत अन्य सिंचाई बांधों से जुड़ी नहरों की स्थिति कई जगहों में ठीक नहीं है। जिनकी साफ-सफाई एवं मरम्मत को लेकर जिम्मेदार अधिकारी अभी लापरवाह बने हुए हैं। वर्तमान में खरीफ सीजन की फसलों की कटाई एवं गहाई का काम तेजी से चल रहा है। एक पखवाड़े में किसानों को खेतों की बोनी से पूर्व पलेवा लगाने के लिए पानी की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में समय से पूर्व नहरों की व्यवस्था को बनाने में जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह नजर आ रहे हैं।

# बाइक रैली के माध्यम से विधिक सेवाओं से लोगों को किया गया जागरूक



सीधी। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 4 नवंबर 2024 से 9 नवंबर 2024 तक न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाना है। उसी तारतम्य में सोमवार 4 नवंबर 2024 को बाइक रैली का आयोजन किया गया है जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। उक्त रैली जिला न्यायालय परिसर सीधी से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चौराहा होते हुए अस्पताल तिराहा के मार्ग से गांधी चौक तक जनसामान्य को जागरूक करते हुए उसी मार्ग से जिला न्यायालय परिसर में रैली का समापन हुआ। रैली का उद्देश्य जनसामान्य के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना रहा। इस दौरान जनसामान्य एवं राहगीरों में पम्पलेटस का वितरण किया गया। बाइक रैली आयोजन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम के समस्त सदस्य, पैनल अधिवक्ता, न्यायालय के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स आदि लोगों की सहभागिता रही। उक्त बाइक रैली के शुभारंभ कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, चतुर्थ जिला न्यायाधीश गौतम कुमार गुजरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अभिषेक साहू एवं श्री अनिरूद्ध उचाडिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# संगठन चुनाव अधिकारी आज आएंगे सीधी, आयोजित होगी कार्यशाला



सीधी। मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी और सीधी जिले के संगठन चुनाव अधिकारी लोकेंद्र पाराशर 5 नवंबर को सीधी पहुंचकर पार्टी द्वारा आयोजित कार्यशाला को संबोधित करेंगे।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित संगठन चुनाव की कार्यशाला स्थानीय वैशणवी गार्डन जोगीपुर में अपर्हान 1 बजे आयोजित होगी। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम और सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक सहित पार्टी के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और चुनाव टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत चुनाव की रणनीति एवं कार्य योजना पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# शिवसेना एवं रेलवे पीड़ित किसान मजदूरों आंदोलन जारी



सीधी। शिवसेना इकाई के साथ ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन से प्रभावित भूमिहीन परिवार मजदूर किसानों का लगातार 76वें दिन वीथिका भवन में अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहा। इस बीच शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी भी लगातार आंदोलन जारी है। जब तक स्थाई रूप से प्रशासन द्वारा इन भूमिहीन परिवारों का स्थाई पत्ता नहीं दे दिया जाता यूं ही यह आंदोलन जारी रहेगा। वह पीड़ित परिवारों के क्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे कार्य प्रभावित हेतु उग्र आंदोलन भी करना पड़े करेंगे लेकिन जब तक विस्थापन की प्रक्रिया नहीं पूरी हो जाती तब तक इन गरीबों का आशियाना किसी भी हालत में नहीं उजाडने देंगे। प्रमुख रूप से शिवसेना शिवसेना संभाग संयोजक संत कुमार केवट, जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान उर्फ मुन्ना, आनंद साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, छठी लाल विश्वकर्मा, चंद्रिका रावत सहित सैकड़ो पीड़ित मौजूद रहे।

# स्वावलंबी बनाने रोजगार के अवसर तलाशने की जरूरत : मलैया

सीधी। स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस सीधी में दिनांक 3 नवंबर 2024 को प्रान्त समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान कपिल मलैया के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्ण कालिक प्रजातन्त्र गंगेले जी व प्रान्त विचार प्रमुख राकेश तिवारी के विशेष आतिथ्य व रामनरेश शुक्ल की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से स्वदेशी जागरण मंच के सह संयोजक प्रमोद कुमार मिश्र एड. राघवेंद्र सिंह, एड. अनिल मिश्र, आशुतोष गुप्ता, एड. हरि बिलाष गुप्ता, केपी नामदेव, राजकरण शुक्ल राज, सूर्यप्रकाश द्विवेदी जिलाध्यक्ष लघु उद्योग भारती, जिला संयोजक युवा प्रकोष्ठ, सुरेश पाण्डेय सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रान्त समन्वयक कपिल मलैया ने बेरोजगार युवाओ के साथ-साथ विद्यार्थियो को स्वावलंबी बनाने



रोजगार के अवसर तलाशने की तरफ जोर दिया तथा बेरोजगारी नामक समस्या से निजात पाने कई तरीके पेश किये। बैठक मे पूर्ण कालिक प्रजातन्त्र गंगेले ने समाज के अग्रणी व्यक्तियों के साथ स्वावलंबी भारत अभियान से जुड़े व्यक्तियों को तन्मयता के साथ इस अभियान मे जुडने की बात कही। इसी कडी मे राकेश तिवारी ने प्रत्येक मानव को एक-दूसरे के साथ सहयोगी भावना व समरसता कायम करने की बात को आगे बढाते हुऐ अभियान को चुनौती के रूप में स्वीकार करने की बात करते हुऐ स्वदेशी के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात कही। स्वावलंबी भारत अभियान के कार्यक्रम को और बेहतर बनाने, स्वावलंबी भारत अभियान के सह समन्वयक का दायित्व सम्हाल रहे रामनरेश शुक्ल को जिला समन्वयक का दायित्व सौपा गया तथा युवा प्रकोष्ठ का दायित्व सूर्यप्रकाश द्विवेदी तथा अभियान को गति प्रदान करने राघवेंद्र सिंह, राजकरण शुक्ल, प्रमोद कुमार मिश्र, एड. आशुतोष गुप्ता, एड. अनिल मिश्र, केपी नामदेव को अभियान को गति प्रदान करने जिम्मेदारियां सौपी गई।

## शहर में चल रहे गांव में स्वीकृत कियोस्क सेंटर : जय

सीधी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जय सिंह चौहान राजू ने शहर में चल रहे गांव में स्वीकृत कियोस्क सेंटर के प्रति जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को उनके ही गांव में बैकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कियोस्क बैंक संचालित किए गए है।

# प्रीमीयर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट खड्डी में भदौरिया रहे मुख्य अतिथि

सीधी। खड्डी में चल रहे प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे सोपान में आज के मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र भदौरिया रहे। साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव के वरिष्ठ गोमती प्रसाद पाण्डेय, विष्णु बहादुर सिंह, दीप नारायण सिंह, केदार सिंह तथा शेषमणि विश्वकर्मा उपस्थिति रहे। खड्डी में इस प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन विगत 6 वर्षोंसे चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया के आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है। जो काफी लोकप्रिय है और इसमें अधिकांश ग्रामीण टीम हिस्सा लेती हैं। आज का पहला मैच हार्ड हिटर खड्डी तथा स्टार ऑफ धनहा के बीच खेला गया स्टार आफ धनहा पहले बैटिंग करते हुए 14.1 ओव्हर में 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में हार्ड हिटर खड्डी ने 6 विकेट खोकर 17.5 ओवर में जीत दर्ज कर लिया। आज के दूसरे मैच में ज्ञान गंगा सुपर किंग वर्सेस मोहनी फाइटर के बीच खेला गया, मोहनी फाइटर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 183 रनों का बड़ा लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में ज्ञान गंगा सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 177 रन ही बना पाए। इस तरीके से मोहनी फाइटर इस मैच में 6 रनों से जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन में खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि राहुल भैया युवा क्रिकेटर्स को प्रोत्साहित करने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए सदैव इस तरह से आयोजन को बढ़वा देते रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि दूर-दराज ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी खेल की भावना से अपने व्यक्तित्व का निर्माण करेंगे।

# ललितपुर सिंगरौली रेल लाईन का काम होना चाहिए शीघ्र : शुक्ला

सीधी। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के सभी जिलों में विकास को गति देने के लिए ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा सिंचाई परियोजनाओं के कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं, जिससे 2025 में रीवा रेलवे लाइन से सीधी जिले से जुड़ जाए। बैठक में मुख्य अभियंता जल



संसाधन विभाग ने सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि बहुती सिंचाई परियोजना में 21 किलोमीटर नहर तथा छुहिया घाटी में 3.1 किलोमीटर की टनल का निर्माण पूरा हो गया है। मैहर, सीधी और रीवा जिले के कुल 11 स्थानों में नहर निर्माण के लिए अर्जित भूमि पर निर्माण कार्य में कठिनाई आ रही है। इन कठिनाईयों को दूर करके 30 दिन में निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाएगा। बैठक में जिला गौ संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि जल संसाधन विभाग 15 अक्टूबर तक नहरों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ दे तो गेंहू और चने की फसल की समय पर बुवाई हो जाएगी। इससे उत्पादन बढ़ेगा तथा किसान को गर्मी में तीसरी फसल के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। इसके लिए किसानों को भी जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, जल संसाधन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सर्वोदय के छात्र अब बाबा महाकाल की नगरी में करेंगे अपने कला का प्रदर्शन

सीधी। सर्वोदय विद्या मंदिर सीधी, आज विगत 32 वर्षों से अध्यन के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही है और विद्यालय से आज लगभग कई छात्र अपने अपने मुकाम को हासिल कर अपने भविष्य को साकार कर चुके हैं जिसमे न केवल पढ़ाई का ही क्षेत्र है अपितु पढ़ाई के साथ साथ नाट्य विधा, संगीत, नृत्य ,खेल इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ चुके हैं। बीते कई वर्षों में विद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय,संभाग स्तरीय, राज्य स्तरीय ही नहीं बल्कि राष्ट्र स्तर पर अपने जिले के नाम को प्रस्तुत कर अपने क्षेत्र अपने विद्यालय को गर्व की अनुभूति कराई है, विद्यालय हमेशा से ही पढ़ाई के साथ साथ छात्र के मानसिक शारीरिक एवं व्यक्तिव विकास को नज़र में रखते हुए इन उद्देश्यों के पूर्ति हेतु अपनी सेवाएं प्रदान करती आ रही है इसी क्रम में प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाने वाला महाकवि कालीदास महोत्सव जिसमे विद्यालय के बच्चों को संस्कृत और संस्कृति को समझाने एवं संस्कृत के प्रति रुझान बढ़े इसलिए छात्रों के लिए प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है इसी क्रम में इस वर्ष भी विद्यालय के छात्र राज्य स्तरीय कालिदास प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उज्जैन रवाना हुए हैं जिसमे छात्रों के द्वारा महाकवि कालिदास कृत नाटक अभिज्ञान शकुंतलम् का मंचन करेंगे और विशेष बात यह है की यह प्रस्तुति संस्कृत में दी जावेगी। उक्त प्रस्तुति विद्यालय के संगीत निर्देशक शैलू दत्त व कुलदीप सोनी ने किया प्रतिभागी छात्रों में निशांत पाण्डेय,नीलेश साहू,वतन द्विवेदी रूपेश साहू प्रभव पाण्डेय, निशांत पाण्डेय, मिश्रा, साक्षी सोनी, आर्यन पाठक, त्रिलोचन पाण्डेय, हिमांशु तिवारी प्रियांश पाण्डेय शामिल हैं छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के व्यवस्थापक एम के शुक्ल ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये विद्यालय सदैव से प्रतिबद्ध है जिसकी एक कड़ी में छात्र खुद को साबित करने हेतु उज्जैन की पवित्र धरती में जा रहे हैं वहीं विद्यालय के प्राचार्य ए के द्विवेदी उपप्राचार्य पी एन गुप्ता प्रधानाध्यापक जे के गुप्ता परीक्षा प्रभारी पी के वर्मा वरिष्ठ शिक्षिका नीलम विश्वकर्मा, अलका शुक्ला नीलू शर्मा दीपाली द्विवेदी बी आर पटेल, वरिष्ठ शिक्षक पीयूष द्विवेदी, एस एन द्विवेदी, सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका पदाधिकारी व शुभचिंतको ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए विजय की कामनाओं के साथ रवाना किया ।

# 108 एम्बुलेंस वाहनों के एक माह किराये में होगी कटौती

## रेफरल ट्रांसपोर्ट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक ने की कार्यवाही

सीधी। सेवा में कमी को लेकर जिले में चलने वाली तीन 108 एम्बुलेंस के एक महीने के किराये में कटौती करने का आदेश रेफरल ट्रांसपोर्ट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के संचालक ने जारी किया है। मेसर्स जेएईएस प्रोजेक्ट आई.प्राई.लिमि. 108 एकीकृत कॉल सेन्टर भोपाल के नाम जारी पत्र क्रमांक 7261, दिनांक 4 नवम्बर 2024 में संचालन ने कहा है कि जिला अस्पताल सीधी में प्रसूता को लाने के लिये 108 कॉल सेन्टर में विगत 1 नवम्बर 2024 की रात में कॉल किया गया था। कई बार कॉल सेन्टर में प्रसूता के पति कृष्ण कुमार रजक ने कॉल किया। प्रसूता की स्थिति गंभीर होने के बावजूद रात लगभग 11:32 बजे जिला सीधी में संचालित 108/जननी एम्बुलेंस को असाइन न करते हुये गर्भवती महिला को कुसमी लोकेशन की एम्बुलेंस वाहन क्रमांक सीजी 04 एनआर 9816



असाइन की गई, जो कि अन्य केस जेएसएसके पिकअप में व्यस्त थी। एम्बुलेंस पहुंचने में विलम्ब होने के कारण महिला के पति कृष्ण कुमार द्वारा हांथ रिक्शे से प्रसूता को जिला अस्पताल सीधी की ओर ले जाने लगे। किन्तु रास्ते में ही महिला की डिलेवरी हो गई एवं अस्पताल पहुंचने से पूर्व नवजात की मृत्यु हो गई। पत्र में कहा गया है कि समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी तथा प्रसूता के पति कृष्ण कुमार रजक से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 1 नम्बर 2024 की रात में अचानक प्रसूता उर्मिला रजक के पेट में दर्द होने के कारण पति कृष्ण कुमार ने रात में कई बार 108 कॉल सेन्टर पर कॉल किया। तत्पश्चात प्रसूता की स्थिति गंभीर होने के बावजूद भी 108 एम्बुलेंस नहीं मिली। जिसके कारण गर्भवती महिला को पति द्वारा मजबूरी में हांथ ठेले में लेकर जिला अस्पताल सीधी के लिये रवाना होना पड़ा और रास्ते में ही ठेले पर प्रसव हो गया। वहीं अस्पताल पहुंचने से पूर्व नवजात की मृत्यु हो गई। संचालक ने पत्र में कहा है कि चूंकि 108 एम्बुलेंस सेवाएं शासन की अति आवश्यक सेवाओं में से एक है जिसका उद्देश्य गंभीर मरीजों, गर्भवती/प्रसूती महिलाओं एवं शिशुओं को त्वरित उपचार हेतु परिवहन सेवा उपलब्ध कराना है। परन्तु ऐसे प्रकरणों से विभाग की छवि धूमिल होती है। अत: प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये संबंधित एम्बुलेंस वाहनों/सीजी 4 एनटी 1847, सीजी 04 एनडब्ल्यू 2428, सीजी 04 एनवी 6577 का सम्पूर्ण परिचालन व्यय राशि 4 लाख 56 हजार 917 रूपये का कटौत्रा शस्ति स्वरूप संस्था द्वारा सेवाओं के परिचालन हेतु प्रस्तुत देयकों में से किया जावेगा।

### कलेक्टर ने जारी की नोटिस

जिला चिकित्सालय सीधी के बाहर ठेले में प्रसव तथा नवजात की मृत्यु के मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी, सिविल सर्जन सीधी, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए विभागीय जांच संस्थित की गई है। कलेक्टर ने कहा कि मामले की पूरी गंभीरता से जांच की जाएगी तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## संपादकीय

### अमेरिकी चुनाव में निम्नस्तरीय भाषा का हो रहा प्रयोग

महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में लोकतंत्र बचाने के दावे के साथ जारी चुनावी जंग में दोनों पक्षों की भाषा ऐसे स्तर पर उतर गई लगती है, जिसमें खुद को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन बताने के लिए कई बार आपत्तिजनक शब्दों का भी सहारा लिया जाने लगा है। यह किसी तीसरी दुनिया या पिछड़े कहे जाने वाले देश के राजनीतिक माहौल के संदर्भ में होता, तो उसकी वजहें समझी जा सकती थीं। मगर हैरानी की बात है कि अमेरिका जैसे सभ्य और विकसित माने जाने वाले देश में भी मुख्य प्रत्याशियों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुकूल नहीं है।गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की ओर से न्यूयार्क की एक रैली में उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के बारे में कुछ निजी और आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। वहीं कमला हैरिस ने भी मुद्दों के बजाय ट्रंप को खतरनाक और राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य बताया। दोनों ही प्रत्याशी खुद को अमेरिका के लोकतंत्र का ज्यादा सक्षम और योग्य पहरुआ बता रहे हैं।सवाल है कि अमेरिका जैसे देश में इतने वर्षों के लोकतंत्र के बावजूद अब तक किस परंपरा का विकास हुआ है कि आज भी एक प्रत्याशी को दूसरे पर हावी होने के लिए जनता के हित से जुड़े मुद्दों पर बात करने के बजाय निजी हमलों और सनसनी फैलाने वाले आरोपों का सहारा लेना पड़ रहा है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि शीर्ष पदों पर बैठे, देश का नेतृत्व करते या उसके लिए दावेदारी करने वाले लोग जब जनता से संवाद करते हैं, तो उसमें मुद्दों पर बातें करने के लिए इस्तेमाल होने वाली भाषा का लोगों पर कैसा असर पड़ता है। जबकि अगर अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों मुख्य उम्मीदवार एक-दूसरे को कमतर ठहराने के लिए निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल करने के बजाय आम लोगों के हित से जुड़े मसलों के हल का खाका पेश करते, तो न केवल लोगों में एक परिपक्व समझ का विकास होता, बल्कि देश का लोकतंत्र भी मजबूत होता।

### जंग और नैतिकता

इजराइल इस कदर आक्रामक हो गया है कि वह युद्ध के नियमों और मानवीय मूल्यों को भी भूल बैठा है। जंग में सब कुछ जायज नहीं होता। इसके भी कुछ नियम और कायदे हैं। कोई देश इससे इनकार नहीं कर सकता। यह दुखद है कि इजराइल फिलिस्तीन का नामोनिशान दुनिया के नक्शे से मिटाने पर तुला है। हालांकि उसका दावा है कि वह हमास और उसके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि इसकी आड़ में उसकी बर्बरता के शिकार निर्दोष नागरिक हो रहे हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। अस्पतालों, स्कूलों और आश्रय स्थलों पर जिस तरह इजराइली सेना हवाई हमले कर रही है, वह खुल्लमखुल्ला अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। यह एक युद्ध अपराध है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस देश ने नैतिक रूप से सभी सिद्धांतों को ताक पर रख दिया है। इजराइल ने ईरान समेत पश्चिम एशिया में कई मोर्चे खोल दिए हैं। साथ ही, गाजा पर आक्रमण और तेज कर दिया है। यह दुखद है कि उसने वहां विस्थापित फिलिस्तीनियों के आश्रय स्थल पर हमला किया। इजराइल की कार्रवाई यहीं नहीं थमी है। वहां की संसद ने गाजा में शरणार्थियों की सहायता रोकने के लिए दो विधेयक आनन-फानन में पारित कर दिए हैं। उसका मकसद साफ है कि संयुक्त राष्ट्र की राहत कार्य एजंसी को युद्ध में घायलों और शरणार्थियों की मदद करने से रोका जाए। इजराइल के इस अमानवीय कदम से फिलिस्तीनियों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। एजंसी अब उनकी मदद नहीं कर पाएगी। अब सरकार और राहत एजंसी के बीच संबंध भी टूट जाएंगे। इस समय इजराइल की मनमानी पूरी दुनिया देख रही है।

**क्या कमाल है आप संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से एक के विरुद्ध खबरें प्लांट करा रहे हैं और उसी संसदीय समिति के सामने आपके पुलिस प्रमुख कह रहे हैं कि इन हत्याओं में किसी का भी हाथ हो सकता है। मतलब साफ है, कनाडा की हुकूमत के पास ठोस साक्ष्य की जगह सिर्फ अलगाववादी प्रॉपगैंडा है। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत पर आरोप लगाते हुए स्पष्ट कर चुके हैं कि मैं यह जानकारी 'इंटेलिजेन्स सोर्सेज' के हवाले से दे रहा हूं। बिना प्रमाण ऐसे आरोप! यह बेशर्मी है या बिला वजह की हेकड़ी ट्रूडो के विरोधी मानते हैं कि वह जान-बूझकर ऐसा कर रहे हैं।**

# मजबूत भारत उन्हें मंजूर नहीं

(शशि शेखर)



उस दिन छोटी दीवाली थी। उल्लास के उन खूबसूरत लम्हों में खबर उभरी कि भारत और चीन की सीमाओं पर सालों से डटी सेनाओं की वापसी का काम पूरा हो गया है। शांतिकामियों का मुंह इस जानकारी के बाद खुद-ब-खुद मीठा हो चला था। उनकी खुशी क्षणिक साबित हुई। कुछ देर बाद स्तब्ध कर देने वाला दूसरा समाचार मिला। कनाडा के उप-विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने संसदीय समिति को बताया था कि उन्होंने ही एक अमेरिकी समाचारपत्र को यह जानकारी लीक की थी कि कनाडा की भूमि पर हुई कुछ हत्याओं में भारतीय गृह मंत्री की संलिप्तता है। यह राजनय के स्थापित मानकों से एकदम विपरीत था। आम तौर पर ऐसी जानकारियां प्रमाण सहित पहले कूटनीतिक चैनल से संबंधित देश को दी जाती हैं, न कि मीडिया को। क्या कमाल है आप संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से एक के विरुद्ध खबरें प्लांट करा रहे हैं और उसी संसदीय समिति के सामने आपके पुलिस प्रमुख कह रहे हैं कि इन हत्याओं में किसी का भी हाथ हो सकता है। मतलब साफ है, कनाडा की हुकूमत के पास ठोस साक्ष्य की जगह सिर्फ अलगाववादी प्रॉपगैंडा है। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत पर आरोप लगाते हुए स्पष्ट कर चुके हैं कि मैं यह जानकारी 'इंटेलिजेन्स सोर्सेज' के हवाले से दे रहा हूं। बिना प्रमाण ऐसे आरोप! यह बेशर्मी है या बिला वजह की हेकड़ी ट्रूडो के विरोधी मानते हैं कि वह जान-बूझकर ऐसा कर रहे हैं, ताकि उन्हें सिखों के वोट मिल सकें। मुट्ठी भर अतिवादियों को यह राग भले रास आता हो, पर वहां बसे अधिकांश सिखों को खालिस्तान से कोई मतलब नहीं। कनाडाई राजनेता लंबे समय से भारतीय संवेदनाओं पर आघात करते रहे हैं। आपको 23 जून, 1985 का कनिष्क विमान हादसा याद होगा। इस घृणित आतंकवादी वारदात के चलते 329 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। कनाडा ने इस दुर्दमनीय घटना को आज तक अपेक्षित गंभीरता से नहीं लिया। और तो और, इस कांड का प्रमुखतम अभियुक्त तलविंदर सिंह परमार कनाडा में शरण पाने के बाद इतना बेखौफ हो गया था कि वह भारत लौट आया, जहां 1992 में सुरक्षा बलों ने उसे मार गिराया। आश्चर्य नहीं कि सन् 1973 से 2015 तक कोई भारतीय प्रधानमंत्री द्विपक्षीय वार्ता के लिए कनाडा नहीं गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान सहित तमाम देशों से भारत के रिश्ते सुधारने की पहल की थी। इसी नेकनीयती के तहत वह अगस्त 2015 में कनाडा गए थे। उस दौरे के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि भारत-कनाडा रिश्तों में गर्माहट आएगी। ट्रूडो और उनकी मंडली ने इस भलमनसाहत पर पानी फेर दिया है। ऐसा नहीं होता, तो कनाडा ने भारत के उच्चायुक्त सहित सात राजनयिकों को बिना किसी खास कारण के निष्कासित न किया होता। इसे कनाडा का शत्रुतापूर्ण रवैया ही तो मानेंगे कि बड़ी संख्या में भारतीय आतंकवादी और अपराधी वहां शरण पाते हैं। यह भी गौरतलब है कि वहां दहशतगर्दों को तो आश्रय मिलता है, परंतु जिन लोगों ने जान जोखिम में डालकर पंजाब में आतंकवाद के दौरान राष्ट्र की अखंडता को सुरक्षित रखा, उनका वहां प्रवेश संभव नहीं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कनाडा में शरण पाने वाले अलगाववादियों में ईरान और तुर्की के बाद भारतीयों का ही नंबर है। यही नहीं, इस बार जिस तरह 23 साल से मनाई जाने वाली दीवाली के आयोजन को वहां यकायक रद्द कर दिया गया, वह भी कनाडा के राजनीतिक रवैये को जगजाहिर करता है। कनाडा में सिर्फ हिन्दुस्तानी हिंदू नहीं रहते, पाकिस्तान, बांग्लादेश, फिजी और तमाम अन्य देशों से गए हिंदुओं ने वहां पर अपनी रिहाइश बना रखी है। इसके बावजूद पर्याप्त सुबूत और वीडियो होने के बाद भी हिंदू मंदिरों पर हमला करने वाले आक्रामकों से अभी तक सख्ती से निपटा नहीं गया है। कुछ अन्य यूरोपीय मुल्क भी ऐसी लापरवाही के दोषी हैं।जिनके अपने घर शीशे के हैं, वे भला दूसरों के घरों पर पत्थर कैसे फेंक सकते हैं अफसोस इस बात का है कि इस मामले में अमेरिका ने भी उसके सुर में सुर मिला रखा है। क्या यह ताकतवर पश्चिमी देशों की सुनियोजित जुगलबंदी है इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। आखिर क्या वजह है कि जिस दिन भारतीय और चीनी सैनिकों की वापसी संपूर्ण हुई, उसी दिन भारतीय गृह मंत्री पर बेबुनियाद आरोप जड़े गए इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से जमीन तैयार की गई थी। ओटावा के सत्ता-सदन ने पहले कल्पित भारतीय 'एजेंट्स' पर तोहमत मढ़ी। हिन्दुस्तानी विदेश मंत्रालय ने इसका न केवल तार्किक खंडन किया, बल्कि कनाडा से प्रमाण उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया। इसका प्रामाणिक उत्तर देने के बजाय उसने भारतीय गृह मंत्री का नाम ही उछाल दिया। इससे सवाल उठ खड़ा हुआ है। क्या कुछ शक्तियों को मजबूत होता भारत और यहां के मजबूत प्रधानमंत्री पसंद नहीं है इस सवाल का जवाब जानने के लिए हमें शेख हसीना वाजेद के बयान पर पुनः नजर डालनी होगी। शेख हसीना ने तख्ता-पलट से कुछ दिनों पहले कहा था कि मुझे हटाने की साजिश विदेश में रची जा रही है। उन्होंने बाद में अमेरिका का नाम लिए बिना कहा था कि हमसे एक सामरिक महत्व के द्वीप की मांग की गई थी। राष्ट्रहित में जब मैंने मना किया, तो मेरे खिलाफ साजिश रची गई और मुझे जलावतन होना पड़ा। बताने की जरूरत नहीं कि शेख हसीना हमेशा से भारत की मित्र रही हैं। भारत व बांग्लादेश मिल-जुलकर आगे बढ़े और चीन भी मित्रतापूर्ण रवैया अपना ले, तो इस क्षेत्र को गति पकड़ने से कोई नहीं रोक सकता। पश्चिम के कुछ लोगों को यह गवारा नहीं। अतीत में भी ऐसा हो चुका है। वर्ष 1983 से 1984 के बीच इंदिरा गांधी द्वारा दिए गए बयानों को याद कीजिए। वह अक्सर कहती थीं कि कुछ विदेशी ताकतें भारत को तोड़ने की साजिश रच रही हैं। उनका इशारा तथाकथित खालिस्तान आंदोलन की ओर हुआ करता था। कुछ सिख युवाओं को बरगलाने में तब पाकिस्तानी आईएसआई के अलावा कनाडा और अन्य पश्चिमी देशों में बसे अलगाववादियों का भी हाथ था। इन्हीं लोगों ने जरनैल सिंह भिंडरावाला को भस्मासुर बनाया था। इंदिरा गांधी इस तथ्य को समझती थीं। यही वजह है कि अपनी हत्या से महज एक दिन पहले भुवनेश्वर की अपनी अंतिम जनसभा में उन्होंने अपने ऊपर हमले की आशंका को जता दिया था। उस समय भी हिन्दुस्तान को अस्थिर करने की साजिश को कदम-दर-कदम 'बिल्ड' किया गया था। क्या संयोग है! जिस दिन गृह मंत्री का कनाडाई संसदीय समिति के समक्ष जिक्र किया गया, उसके अगले दिन इंदिरा गांधी की चालीसवीं पुण्यतिथि थी। उन्होंने जिस अलगाववाद से लड़ते हुए जान गंवाई थी, उसका शुरुआती जाल पश्चिमी मुल्कों में ही बुना गया था। कहीं ऐसा तो नहीं कि बिना सुबूत भारतीय गृह मंत्री का नाम घसीट लेने के पीछे पश्चिम की उसी पुरानी ग्रंथि का उभार है यह सही है कि इंदिरा और मोदी के हिन्दुस्तान में बुनियादी फर्क है, पर हमारा रक्तरंजित अतीत चेताता है कि भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान और भारतीयों को हर क्षण सजग रहना होगा।

## दुनिया से छिपाकर रहस्यमयी एयरक्राफ्ट कैरियर बना रहा चीन

(प्रियेश मिश्र)

चीन दुनिया की नजरों से छिपकर एक रहस्यमयी जहाज बना रहा है। इसका खुलासा हाल में ही ली गई सैटेलाइट इमेजरी से हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि चीन एक नया और असामान्य एयरक्राफ्ट कैरियर बना रहा है, जो अपनी तरह का पहला है। विशेषज्ञ भी इस एयरक्राफ्ट कैरियर की डिजाइन को देखने के बाद हैरान हैं। उन्हें आशंका है कि ऐसा एयरक्राफ्ट कैरियर चीन की तेजी से बढ़ती समुद्री शक्ति को और अधिक बढ़ा सकता है। चीन के पास पहले से ही तीन एयरक्राफ्ट कैरियर मौजूद हैं, जिनके नाम लियाओनिंग, शांडोंग और फुजियान हैं। फुजियान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापुल्ट सिस्टम से लैस चीन का स्वदेशी सुपरकैरियर है।



**असामान्य आकार का है चीन का नया पोत-** प्लैनेट लैब्स की सैटेलाइट इमेजरी में दक्षिणी प्रांत ग्वांगडोंग में लॉन्गक्सू द्वीप पर गुआंगझोउ शिपयार्ड इंटरनेशनल में निर्माणाधीन एक बड़े, खुले सपाट तल वाले पोत को दिखाया गया है। अमेरिकी नौसेना के पूर्व पनडुब्बी कमांडर हैं और अब सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी में फेलो थॉमस शुगार्ट ने कहा, यह संभावित नया विमानवाहक पोत कुछ हद तक असामान्य आकार और आकृति का है। यह चीन के पिछले नौसेना विमानवाहक पोतों की तुलना में बहुत छोटा है।

**आकार में काफी छोटा है चीन का नया पोत-** शुगार्ट ने यह भी कहा, लेकिन यह पोत बीजिंग की नौसेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले टाइप 075 एम्फीबियस हमलावर जहाजों से भी छोटा है, जिससे पता चलता है कि चीन किसी प्रकार के समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत के रूप में दुनिया का पहला देखने में सामान्य जहाज जैसा 'विमानवाहक पोत' बना रहा है। नए पोत के अस्तित्व की रिपोर्ट सबसे पहले डिफेंस वेबसाइट द वॉर जोन ने दी थी। चीन तेजी से उन्नत युद्धपोतों का निर्माण कर रहा है, जो अक्सर अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियरों की तकनीक से मेल खाते हैं।

**चीन का 'फुजियान' काफी शक्तिशाली-** चीन का विमानवाहक पोत फुजियान - अब तक चीन का सबसे बड़ा, सबसे आधुनिक और सबसे शक्तिशाली कैरियर है। इसे इस साल की शुरुआत में अपने पहले परीक्षणों के लिए समुद्र में रवाना किया गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि यह 2026 तक पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी बेड़े में शामिल हो सकता है। 80,000 टन का यह वाहक पीएलएनए के दो सक्रिय एयरक्राफ्ट कैरियरों, 66,000 टन के शांडोंग और 60,000 टन के लियाओनिंग से कहीं ज़्यादा बड़ा है, जो इसे सुपरकैरियर की श्रेणी में रखता है।

**अमेरिका के बाद सिर्फ चीन के पास सुपरकैरियर-** केवल अमेरिका की नौसेना ही फुजियान से बड़े विमानवाहक पोतों का संचालन करती है। वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, चीन ने दुनिया के सबसे बड़े एम्फीबियस अटैक शिप के निर्माण पर भी तेजी से प्रगति की है। थिंक टैंक ने अपने सैटेलाइट इमेजरी विश्लेषण में कहा कि टाइप 076 नाम का इसका फ्लाइट डेक लगभग 260 मीटर (853 फीट) × 52 मीटर (170 फीट) में फैला है, जो 13,500 वर्ग मीटर से अधिक है। यह लगभग तीन अमेरिकी फुटबॉल मैदानों के क्षेत्रफल के बराबर है।

## गौतम गंभीर के प्लान से क्यों सुर नहीं मिला पा रहे खिलाड़ी

(राहिल सैयद)

भारतीय क्रिकेट टीम और उनके चाहने वालों के लिए यह काफी बुरा दौर चल रहा है। राहुल द्रविड़ ने अपना कार्यकाल भारतीय टीम को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप जितवाने के बाद खत्म किया था। इसके बाद टीम में बतौर हेड कोच पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर की एंट्री हुई। सब लोग गौतम को हेड कोच के रूप में देखने के लिए काफी ज्यादा उत्साहित थे। क्योंकि जीजी उससे पहले आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स के मेंटोर थे। उनका केकेआर को 2024 में चैंपियन बनाने में बहुत बड़ा योगदान रहा था। इस वजह से हर कोई भारतीय टीम में उनका अटैकिंग माइंडसेट देखना चाहता था। लेकिन गौतम के हेड कोच बनने के बाद से भारत का प्रदर्शन अब तक इतना खास नहीं रहा है। जब से गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं। भारतीय टीम ने कई शर्मनाक और अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। जैसे कि भारत ने 27 साल बाद श्रीलंका से वनडे सीरीज हारी। किसी टीम से 12 साल बाद घर पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई। इतिहास में पहली बार 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में घर पर भारत का सूपड़ा साफ हुआ। ऐसे तमाम खराब रिकॉर्ड भारत के नाम दर्ज हुए। इससे भारतीय फैंस काफी ज्यादा निराश हैं। जब तक राहुल द्रविड़ भारतीय टीम के साथ जुड़े हुए थे। तब तक भारतीय टीम सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट ही नहीं जीत पा रहा था। इसके अलावा टीम का प्रदर्शन जबरदस्त रहा था। हालांकि आईसीसी ट्रॉफी भी टीम इंडिया ने द्रविड़ के कार्यकाल समाप्त होते-होते जीत ही ली थी। लेकिन गौतम गंभीर के साथ ऐसा नहीं हो रहा। भारतीय टीम का प्रदर्शन बाइलेटरल सीरीज में भी खराब चल रहा है। इसकी वजह हो सकती है कि अब तक शायद भारतीय प्लेयर्स गौतम गंभीर के क्रिकेट खेलने की अप्रोच को समझ नहीं पा रहे हैं। या गंभीर और प्लेयर्स के बीच वो तालमेल नहीं बेठ पा रहा। जो प्लयेयर्स या गंभीर चाहते हैं। गौतम गंभीर और पूरी टीम शायद अब तक जेल अप नहीं हो पाई है। वहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली का प्रदर्शन भी लगातार गंभीर के अंडर खराब रहा है। अगर दोनों सीनियर प्लेयर्स का प्रदर्शन ऐसा रहा तो इसपर विचार विमर्श हो सकता है।

## वर्ग पहेली 5542



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत की इस प्रथम महिला आई.पी.एस.अधिकारी का जन्मदिवस है (09 जून 1949)(5)
5. सिर के बाल झड़ने का रोग (2)
7. संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
8. गानवृंद, गायक दल (5)
9. वर्षा के समान गिरना, क्रुद्ध होना (4)
11. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
12. गेंहू, जौ आदि पौधे के डंठलों के छोटे टुकडे जो पशु भोजन के रूप में इस्तेमाल होती है (2)
13. डायरी जिसमें दैनिक कार्यों का विवरण लिखा जाता है (5)
16. उम्मीद, वस्तु आदि पाने का अल्पनिश्चय (2)
18. मथुरापति कंस के मल्ल का एक नाम, भाला (3)
19. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
21. पगश्रृंगार, पायजेब (3)
22. पुनीता, पवित्रा (3)
23. दृश्य (2)
24. व्यतीत होना, फल (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुस्तक विक्रेता को यह भी कहा जाता है (3)
2. दौड़ने वाला (अंग्रेजी)(3)
3. पराया, गैर आदमी, अनजान (3)
4. दयनीय दशा या अवस्था वाला (2)
5. यह नदी गंगा की सहायक नदी है (3)
6. महान, पूज्य, मोहतरम (3)
10. अंदर भरना, गुंजाईश होना (3)
12. भूकंप, जलजला, भूडोल (3)
16. कलेवा, नाश्ता (4)
15. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
16. आने वाला, भविष्य में होने वाला (3)
17. दुर्गा, माता सरस्वती का एक नाम (3)
20. प्रवाहित होना, जल प्रवाह होना (3)

**वर्ग पहेली 5541 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑ | ल | इं | डि | या | रे | डि | यो |
| स्क | | त | | क | ज | | ग |
| र | म | जा | न | | गा | ज | |
| | ह | म | | व | री | य | ता |
| त | त्व | | अ | ली | | कि | ला |
| | पू | ज | क | | | श | ब |
| पू | र्ण | | ब | लि | दा | न | |
| जा | | मौ | र | | वा | | सा |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपको दूसरों से मदद मिलेगी। कुछ मामलों में दूसरों के अनुसार चलने का प्रयास करें तो आपको आत्मसंतोष होगा। कभी कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे। आपको लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं।

**वृष**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और आप कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। आवश्यक सामान की खरीद करने में शाम तक का समय व्यतीत होगा। घर परिवार के वृद्धजनों से बहस में न उलझें।

**मिथुन**
आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है। आपके धन में वृद्धि होगी और आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। सम्मान और सांसारिक प्रतिष्ठा से अभिभूत होंगे और कारोबार में आपको मनचाहा लाभ होगा। बिजनस में आपको पार्टनर्स से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी पक्ष से भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। उधार में कमी होगी।

**कर्क**
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होने से मन प्रसन्न होगा। बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति होगी। नए संबंधों में आपको लाभ होगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। रात का समय आनंद में बीतेगा।

**सिंह**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपके कार्यक्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। रचनात्मक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और तरक्की होगी। आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और कहीं से धन में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**कन्या**
आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी और आपके भाग्य में वृद्धि के योग हैं। आपको किसी कारण से विवाद का सामना करना पड़ सकता है और आपके घर का माहौल खराब हो सकता है। अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनानें का प्रयास करें तो आपको प्रसन्नता होगी। कार्यालय में भी अकस्मात कोई नया परिवर्तन हो सकता है।

**तुला**
आज करियर के मामले लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। आपको कारोबार में कोई बड़ा उलटफेर करने में आपको लाभ मिल सकता है। नये कार्य में वैधानिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरान्त ही कुछ निर्णय लें। घर के पुराने लटके हुए कार्य बन जाएंगे और आपको लाभ होगा। मन में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक**
आज दिन खुशियों और तरक्की से भरा होगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की जरूरत आपको पड़ सकती है। आपको दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे।

**धनु**
आज दिन मिश्रित फलकारक है। आज आपको पुराना कर्ज चुकाने में सफलता प्राप्त होगी और आप आगे के बारे में कुछ नया सोच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीद करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। सायंकाल का समय घरवालों के साथ व्यतीत करें तो आपको खुशी होगी।

**मकर**
आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन सफलता और तरक्की से होगा। बहन-भाई के विवाह इत्यादि मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो न दें, वरना आपको पैसा वापस नहीं मिलेगा।

**कुंभ**
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको राजनीतिक क्षेत्र में तरक्की हासिल होगी। राजनीति में भाग लेने के योग बन रहे हैं और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वन्दी आपसे पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध भी शुभव्यय कीर्ति की वृद्धि कारक है। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है। आपको लाभ होगा और धन में वृद्धि होगी।

**मीन**
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में आपके विरोधी बॉस से आपकी चुगली कर सकते हैं और आपका मूड खराब हो सकता है। राशि का स्वामी आपके ऊपर मेहरबान है। अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में धर्म परिवर्तन कराने का खेल, प्रार्थना सभा से पकड़े गए 3 महिला और 4 पुरुष

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। एक घर में प्रार्थना सभा का आयोजन कर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों के लोगों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने इस संबंध में 3 महिलाओं समेत 7 लोगों को हिरासत में लिया है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में रविवार की सुबह मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र के एक घर में धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि धर्म परिवर्तन कराने संबंधी मामले की जानकारी हिंदू संगठन के लोगों को लगी और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को कर दी। मामला जूटमिल थाना क्षेत्र के मिट्ठुमुड़ा का है। रविवार सुबह करीब दस बजे मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र में संतोष चौहान के घर में प्रार्थना सभा चल रही थी। इसकी जानकारी हिंदू संगठन के लोगों को लगने पर भारी संख्या में हिंदू संगठन के लोग और भाजपा के नेता मौके पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए पुलिस को मामले की शिकायत की। इसके बाद पुलिस के अधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एक घर से चार पुरुष व तीन महिलाओं को हिरासत में लेकर जूटमिल थाना में पहुंचे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मराठा आंदोनकारी मनोज जारांगे पाटिल के तेवर ढीले, चुनाव से हटने का किया ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** कुछ महीने पहले तक मराठा आंदोलन का झंडा बुलंद करने वाले मनोज जरांगे पाटिल के तेवर ढीले पड़ते नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से उतरे मनोज ने अब चुनाव से हटने का ऐलान किया है। साथ ही मनोज ने अपने उम्मीदवारों से भी नाम वापस लेने के लिए कहा है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने यह बात कही। मनोज जरांगे ने कहाकि हम केवल मराठा मुद्दों पर चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नाम वापसी की आज आखिरी तारीख है। मनोज जरांगे पाटिल ने महाराष्ट्र की 25 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया था। उन्होंने एक दिन पहले ही प्रेस कांफ्रेंस करके कहा था कि वह महायुति सरकार से बदला लेंगे। मनोज जरांगे ने कहाकि उनके ऊपर किसी तरह का दबाव नहीं है। रविवार को मनोज जरांगे पाटिल ने कहा था कि हमें मराठा, मुस्लिम और दलित समुदाय का समर्थन मिलेगा। वहीं, सोमवार को उन्होंने कहाकि हम अकेले दम पर यह चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। यहां तक कि भाजपा जैसी पार्टी को भी दो अन्य दलों के समर्थन की जरूरत पड़ रही है। मनोज के इस फैसले पर भाजप और शिवसेना ने भी प्रतिक्रिया दी है। दोनों दलों ने इसे एक समझदारी भरा फैसला बताया है। गौरतलब है कि छह अगस्त को जरांगे ने कहा था कि मराठा समुदाय को अलग-थलग कर दिया है। अब इसके पास सिर्फ एक ही विकल्प है कि वह राजनीति में उतरे और अपने लिए आरक्षण हासिल करे। तब उन्होंने इस बात को लेकर भरोसा जताया था कि वह चुनाव जीतकर सत्ता में आएंगे। मनोज ने यह भी कहा था कि उनकी राजनीति में आने की कोई इच्छा नहीं थी, लेकिन मराठा आरक्षण की जरूरत को देखते हुए वह ऐसा करने पर मजबूर हुए है।

### पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता की पीट-पीटकर हत्या, रात में घर लौटते समय हमला

**बीरभूम , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता को पीट-पीटकर मार डाला गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बोलपुर शहर के पास पारुलडांगा में कुछ लोगों ने 40 वर्षीय समीर थांदर पर शनिवार रात को उस समय हमला किया, जब वह अपने घर लौट रहे थे। वह कंकलिताला पंचायत के सदस्य थे। पुलिस ने बताया कि बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान समीर थांदर ने दम तोड़ दिया। समीर थांदर के बेटे प्रतीक थांदर ने बताया, 'कुछ ग्रामीणों ने मेरे पिता पर हमला किया। हमने उन्हें बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां उनकी मृत्यु हो गई।' सूरी विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के विधायक विकास रॉय चौधरी ने बताया कि ऐसा संदेह है कि थांदर पर हमला गांव के किसी विवाद के चलते किया गया। उन्होंने कहा कि हम इस मामले में एक उचित जांच और कार्रवाई की मांग करते हैं। पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में 5 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं, इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के 2 विधायकों पर उत्तर 24 परगना जिले में बदमाशों ने हमला किया था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मिनखा से तृणमूल विधायक उषा रानी मंडल को गुरुवार रात काली पूजा पंडाल से लौटते समय हरोआ इलाके में 100 से 150 लोगों ने घेर लिया था। मंडल ने पुलिस को बताया कि उन्हें वाहन से बाहर निकाला गया और उनके साथ मारपीट की गई। घटना के दौरान कई गोलियां भी चलाई गईं। उन्होंने कहा, 'मुझे अपने वाहन से बाहर निकलने के लिए मजबूर किया गया और मेरे साथ मारपीट की गई। कई गोलियां चलाई गईं।'

# नहाय खाय से शुरू हो रहा है छठ पूजा का पहला दिन उषा अर्घ्य, पारण के साथ 8 नवम्बर को होगी समाप्ति



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दीपावली के बाद पड़ने वाले महापर्व छठ पूजा का प्रारंभ कल 5 नवम्बर से होने वाला है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व का श्रद्धालु बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं। छठ पूजा का यह त्यौहार भगवान सूर्य देव और छठी मईया को समर्पित है। इस दिन महिलाएं जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देती हैं और अपनी संतान, परिवार की मंगल कामना के लिए प्रार्थना करती हैं। छठ पूजा के पावन अवसर पर भगवान सूर्य की आराधना करने से समृद्धि एवं प्रगति की प्राप्ति होती है और मनुष्य का कल्याण होता है। छठ पूजा को सूर्य षष्ठी, डाला छठ, छठ पर्व, डाला पूजा आदि नामों से जाना जाता है।

### छठ पूजा 2024 कैलेंडर

**छठ पूजा पहला दिन-** नहाय खाय- 5 नवंबर 2024

**छठ पूजा दूसरा दिन-** खरना- 6 नवंबर 2024

**छठ पूजा तीसरा दिन-** संध्या अर्घ्य- 7 नवंबर 2024

**छठ पूजा चौथा दिन-** उषा अर्घ्य, **पारण-** 8 नवंबर 2024

**छठ पूजा का पहला दिन- नहाय खाय :** महापर्व छठ पूजा का आरंभ नहाय खाय के साथ होता है। इस दिन व्रती महिलाएंभोर में उठकर स्नान आदि कर नए वस्त्र पहल सूर्य देव को जल अर्पित करती हैं। इसके बाद सात्विक आहार ग्रहण कर अपने व्रत को शुरू करती हैं। नहाय खाय के दिन कद्दू की सब्जी, लौकी चने की दाल और भात यानी चावल खाया जाता है। नहाया खाय का भोजन बिना लहसुन और प्याज के सात्विक तरीके से तैयार किया जाता है। व्रती के खाने के बाद ही परिवार के अन्य लोग नहाय खाय का खाना खा सकते हैं। नहाय खाय के दिन यानी 5 नवंबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 36 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 33 पर।

**छठ पूजा का दूसरा दिन- खरना :** छठ पूजा के दूसरे दिन आता है खरना। इस दिन व्रती महिलाएं पूरा दिन व्रत करती हैं और फिर रात के समय खीर प्रसाद ग्रहण करती हैं। खरना के बाद से ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जाता है। छठ व्रत का पारण उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही खोला जाता है। वहीं बता दें कि खरना के दिन गुड़, चावल और दूध की खीर बनाई जाती है। इस दिन व्रत रखने वाली महिला या पुरुष को नमक का सेवन नहीं करना होता है। खरना के दिन यानी 6 नवंबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 37 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 32 पर।

### छठ पूजा का तीसरा दिन- संध्या अर्घ्य

छठ पूजा के तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जिसे संध्या अर्घ्य के नाम से भी जाना जाता है। संध्या अर्घ्य 7 नवंबर 2024 को दिया जाएगा। 7 नवंबर यानी छठ पूजा के दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 38 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 32 मिनट पर होगा।

### छठ पूजा का चौथा दिन- उषा अर्घ्य

छठ पूजा के चौथे और आखिरी दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जिसे उषा अर्घ्य कहा जाता है। इस दिन व्रती महिलाओं भोर के समय जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य के बाद इसी दिन व्रती महिलाएं छठ व्रत का पारण करती हैं। उषा अर्घ्य 8 नवंबर 2024 को दिया जाएगा। 8 नवंबर यानी छठ पूजा उषा अर्घ्य के दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 38 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 31 मिनट पर होगा। नोट—यहां दी गई जानकारियां धार्मिक आस्था और लोक मान्यताओ पर आधारित है। इसका कोई भी वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। खास खबर डॉट कॉम एक भी बात की सत्यता का प्रमाण नही देता है।

### दिल्ली की आबोहवा हुई जहरीली, 10 इलाकों में औसतन एक्यूआई पहुंचा 400 के करीब

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्रदूषण के चलते नागरिकों को सुबह की सैर पर जाने में भी दिक्कत हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए खासकर यह चिंताजनक स्थिति है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार सोमवार सुबह 6:15 बजे तक



औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 373 बना हुआ है, जो की गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 278, गुरुग्राम में 276, गाजियाबाद में 294, ग्रेटर नोएडा में 240 और नोएडा में एक्यूआई 304 बना हुआ है। राजधानी दिल्ली के 10 इलाकों में एक्यूआई का स्तर 400 से ऊपर पहुंच गया है। आनंद विहार में 432, अशोक विहार में 408, बवाना में 406, जहांगीरपुरी में 412, मुंडका में 402, एनएसआईटी द्वारका में 411, पंजाबी बाग में 404, रोहिणी में 406, विवेक विहार में 418, वजीरपुर में एक्यूआई 411 बना हुआ है। इन सबके चलते लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और गले में खराश की समस्या बनी हुई है। दिल्ली के 25 इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर और 400 के बीच बना हुआ है। अलीपुर में 385, आया नगर में 369, मथुरा रोड में 362, डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में 381, द्वारका सेक्टर 8 में 395, आईजीआई एयरपोर्ट में 371, दिलशाद गार्डन में 302, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 353, लोधी रोड में 305, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 378, नजफगढ़ में 370, नरेला में 375, नेहरू नगर में 398, न्यू मोती बाग में 400, नॉर्थ कैंपस में डीयू में 389, पटपड़गंज में 400, पूषा में 350, आरके पुरम में 392, शादीपुर में 375, अरविंदो मार्ग मे 366, और सिरी फोर्ट में 366 अंक बना हुआ है। दिल्ली में प्रदूषण के कारण धुंध की मोटी परत ने शहर को ढक लिया है। आईएएनएस ने लोगों से बात कर जब उनका हाल जाना तो लोग बेवजह बाहर निकलने में कतरा रहे हैं। खासकर सुबह की सैर पर निकलने से पहले एक्यूआई को चैक करना पड़ रहा है।

## हिंदी में मिला जवाब तो भड़के लेफ्ट सांसद, केंद्रीय मंत्री को मलयालम में लिख दिया पत्र

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास ने संसद में पूछे गए सवालों का केंद्र सरकार द्वारा केवल हिंदी में जवाब दिए जाने पर रविवार को आपत्ति जताई। ब्रिटास ने आरोप लगाया कि यह परंपरा वैधानिक भाषा प्रावधानों का उल्लंघन करती है और गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों के सदस्यों को अपने संसदीय कार्य को प्रभावी ढंग से करने से रोकती है।



माकपा सांसद ने कहा कि उन्होंने विरोध स्वरूप रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह को मलयालम में एक पत्र लिखा था, जिन्होंने संसद में उठाए गए उनके सवालों का जवाब हिंदी में दिया था, जबकि दक्षिण भारतीय राज्यों के सांसदों के साथ संवाद/संचार के लिए अंग्रेजी भाषा के इस्तेमाल का 'नियम और परंपरा' है। ब्रिटास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह मुद्दा उठाया और सिंह द्वारा हिंदी में भेजे गए पत्रों तथा उनकी तरफ से मलयालम में दिए गए जवाब की प्रति भी साझा की। ब्रिटास ने लिखा, केंद्र सरकार द्वारा दक्षिण भारतीय राज्यों के सांसदों को संबोधित पत्र अंग्रेजी में लिखे जाने का नियम और परंपरा रही है। हालांकि, हाल-फिलहाल में ऐसा नहीं हुआ है। रवनीत बिट्टू ने खासतौर पर हिंदी में लिखने का विकल्प चुना है। मैं उन्हें मलयालम में जवाब देने के लिए मजबूर हूं! ब्रिटास के कार्यालय ने एक बयान में कहा, सांसद डॉ. जॉन ब्रिटास ने रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह को विरोध स्वरूप मलयालम में अपनी प्रतिक्रिया भेजी है।

बयान में कहा गया है, यह कदम भारत की भाषाई विविधता के बावजूद, संसद में पूछे गए सवालों का केंद्र सरकार द्वारा केवल हिंदी में जवाब दिए जाने के मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करता है। जॉन ब्रिटास केरल का प्रतिनिधित्व करते हैं, एक ऐसा राज्य जिसने हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में नहीं अपनाया है।

# लड़की बहिन योजना की लोकप्रियता से डरा अघाड़ी, अब आलोचना से भी परहेज

### एक और दांव का प्लान

**मुंबई, एजेंसी।** एकनाथ शिंदे सरकार ने विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही लड़की बहिन सम्मान योजना की शुरुआत की थी। इस स्कीम के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये मिलने का प्रावधान किया गया है। इस स्कीम की शुरुआती किस्तें महिलाओं को मिल भी चुकी हैं। इस बीच अब तक स्कीम को फिजूलखर्ची बताने वाली कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाले महाविकास अघाड़ी का रुख भी बदल गया है। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस को डर है कि कहीं स्कीम का विरोध करना भारी न पड़ जाए और भाजपा एवं एकनाथ शिंदे इसे ही मुद्दा बना लें कि महाविकास अघाड़ी तो महिलाओं के खिलाफ है। ऐसे में लड़की बहिन योजना को लेकर महाविकास अघाड़ी ने अपने रुख को नरम कर लिया है। यही नहीं महाविकास अघाड़ी की ओर से जारी



होने वाले घोषणा पत्र में भी ऐसी किसी स्कीम का ऐलान हो सकता है। दरअसल महाविकास अघाड़ी ने एक सर्वे कराया है, जिसमें पता चला है कि महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में इस स्कीम से महायुति को फायदा हो सकता है। कांग्रेस, उद्धव सेना और एनसीपी-शरद पवार के बीच इस बात को लेकर मंथन चल रहा है कि चुनाव में कितने वादे किए जाएं। इस बीच उन्हें फीडबैक मिला है कि विदर्भ और मराठवाड़ा में सत्ताधारी गठबंधन को इसका फायदा मिल सकता है। इस स्कीम के तहत महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये का देने की गांरटी दी गई है। पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि मुफ्त लाभ वाली वही योजनाएं लागू करनी चाहिए, जिनसे आर्थिक स्थिति न बिगड़ती हो। लेकिन अब पार्टी को जानकारी मिली है कि स्कीम को विदर्भ और मराठवाड़ा के इलाकों में लोकप्रियता मिल रही है। इसके चलते महाविकास अघाड़ी का रुख भी बदल रहा है। 6 नवंबर को महाविकास अघाड़ी की ओर से मेनिफेस्टो जारी करने की तैयारी है। इस घोषणा पत्र में भी महिलाओं के लिए किसी स्कीम का ऐलान किया जा सकता है।

### ऐसी ही स्कीम के ऐलान की भी तैयारी में महाविकास अघाड़ी

अघाड़ी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि हमारे बीच इस बात को लेकर मतभेद थे कि हमें भी ऐसी ही किसी स्कीम का ऐलान करना चाहिए या फिर नहीं। अब सहमति बन गई है कि हमें भी महिलाओं के लिए किसी स्कीम का ऐलान करना होगा। अब यह तय करना है कि इस स्कीम के तहत 1500 रुपये देने का ऐलान किया जाए या फिर रकम को बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया जाए। खबर है कि कांग्रेस के सुझाव पर महाविकास अघाड़ी के घोषणा पत्र में 25 लाख रुपये तक के हेल्थ इंश्योरेंस और किसानों के कर्ज को माफ करने जैसे ऐलान भी हो सकते हैं।

# देशभर में फर्जी टोल प्लाजा पर कसेगा शिंकजा, सरकार ने दिया राष्ट्रव्यापी सर्वे का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने संसदीय समिति की सिफारिश के बाद देशभर में नेशनल हाईवे पर फर्जी टोल प्लाजा का पता लगाने के लिए राष्ट्रव्यापी सर्वे कराने का फैसला किया है। इस सर्वे का मकसद सड़क यात्रियों की जेब ढीली कर रहे फर्जी टोल प्लाजा को बंद कराकर उन पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने इस बाबत 10 अक्टूबर 2024 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण



(एनएचएआई) और राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना एवं विकास निगम लिमिटेड (एनएचएआईडीसीएल) को आदेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि देश के कई हिस्सों में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा फर्जी टोल प्लाजा बनाकर आम जनता से टोल टैक्स वसूलने की सूचना प्राप्त हुई है। विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ) व परियोजना निदेशक (पीडी) अपने-अपने क्षेत्र में गहन सर्वे कार्यक्रम चलाकर ऐसे फर्जी टोल प्लाजा को बंद कराएं। इसके लिए विभाग को राज्य सरकार के प्रशासन-पुलिस की सहायता लेनी चाहिए। आदेश में कहा गया है कि फर्जी टोल प्लाजा से आम जनता को ठगा जा रहा है और इससे राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। गौरतलब है कि पर्यटन और परिवहन संबंधी संसद की स्थायी समिति ने पिछले दिनों संसद में पेश अपनी रिपोर्ट देश में चल रहे फर्जी टोल प्लाजा को लेकर सरकार का ध्यान खींचा था। समिति ने गुजरात में एक फर्जी टोल प्लाजा का निर्माण कराकर सड़क यात्रियों से टोल टैक्स वसूली का उल्लेख भी किया। इसके अलावा समिति ने बार-बार सड़क यात्रियों से तय दर से अधिक टोल वसूलने वाले टोल कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की सिफारिश भी की है।

**गुजरात में फर्जी टोल प्लाजा पर 75 करोड़ रुपये वसूले :** गुजरात के मोरबी जिला में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8ए पर फर्जी टोल प्लाजा बनाकर डेढ़ साल तक टोल टैक्स की वसूली होती रही। इस दौरान असमाजिक तत्वों ने आम सड़क यात्रियों से 75 करोड़ रुपये बतौर टोल टैक्स वसूले। इसकी जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा।

**कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बावजूद हो रही वसूली :** लगभग 900 किलोमीटर लंबे वडोदरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर भरुच खंड व भरुच-सूरत खंड पर टोल प्लाजा का अनुबंध समाप्त होने के बावजूद 100 टोल टैक्स लिया जा रहा है, जबकि सरकार का नियम कहता है ऐसे प्लाजा पर राजमार्ग के मरम्मत व रख-रखाव के नाम पर सिर्फ 40 टैक्स लिया जाना चाहिए। सूत्रों का कहना है विभाग के अफसरों की मिलीभगत से होता है।

## लोकसभा में आप लोगों ने साहेब को खुश होने का मौका दिया था, इस बार मुझे ही वोट दें :अजित पवार

**बारामती, एजेंसी।** महाराष्ट्र की बारामती विधानसभा सीट पर सबसे हाईप्रोफाइल मुकाबला चल रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में पवार बनाम पवार की जंग दिखी थी और एक बार फिर से ऐसा ही हो रहा है। अजित पवार के मुकाबले शरद पवार ने उनके ही भतीजे युगेंद्र पवार को उतार दिया है। इस बीच अजित पवार ने इमोशनल अपील की है। उन्होंने रविवार को बारामती में एक कार्यक्रम में कहा कि लोकसभा चुनाव में आप लोगों ने साहेब को खुश होने का मौका दिया था। लेकिन इस बार आप लोग मुझे ही वोट दें। अजित पवार ने यह वादा भी किया कि वह बारामती में पानी की सप्लाई कराएंगे।



लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पत्नी सुनेत्र पवार बारामती सीट से उतरी थीं। यहां उनका मुकाबला अपनी ननद और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले से हुआ था। इस हाईवोल्टेज मुकाबले में अजित पवार की पत्नी हार गई थीं। इस नतीजे के बाद डिप्टी सीएम ने कहा था कि लोग परिवार को तोड़ने वालों को पसंद नहीं करते हैं। बारामती से पत्नी को उतारना उनकी गलती थी। इस तरह उन्होंने परिवार के बीच ही चुनावी मुकाबले से बचने का संकेत दिया था। लेकिन अब विधानसभा चुनाव में शरद पवार ने उनके ही खिलाफ भतीजे को उतार दिया। अजित पवार के बड़े भाई श्रीनिवास पवार के बेटे युगेंद्र बारामती से उनके खिलाफ उतरे हैं। ऐसे में यह चुनाव अजित पवार के लिए अस्तित्व के संकट वाला हो गया है। अजित पवार के आगे मुश्किल यह है कि एक तरफ शरद पवार इमोशनल अपील कर रहे हैं और युगेंद्र भी उनके नाम पर वोट मांग रहे हैं। वहीं अजित पावर अपने चाचा पर सीधा हमला नहीं बोल सकते और उन्हें जीत भी हासिल करनी होगी।

## कार से टक्कर मारकर किया घायल, फिर इलाज को साथ ले जाकर सड़क पर फेंका, हो गई मौत

**पलवल, एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद से सटे पलवल में मानवता को तार-तार करने वाला एक शर्मनाक मामला सामने आया है। कार की टक्कर से घायल हुए एक शख्स को अस्पताल पहुंचाने के बजाय कार सवार आरोपी पलवल से 45 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के टप्पल में सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गया। इससे घायल शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव चिरवाड़ी निवासी 45 वर्षीय नत्थी के रूप में हुई है। चांदहट थाना की पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के भाई सुमेर सिंह ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई नत्थी 31 अक्टूबर की सुबह पड़ोसी सुरेंद्र के साथ बाइक से रसूलपुर गया था। वह सुबह करीब साढ़े 10 बजे बाइक से वापस गांव चिरवाड़ी की ओर लौट रहा था। पलवल के अलीगढ़ रोड पर खेड़ला चौराहे पर गलत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। नत्थी और उसके साथ बाइक पर पीछे बैठे सुरेंद्र जमीन पर गिर गए। नत्थी बेहोश हो गया। इसी दौरान आसपास के लोग घटनास्थल के पास पहुंचकर कार चालक को पकड़ लिया। घायल नत्थी को उसकी कार में बिठाकर स्थानीय लोगों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराने को कहा। पीड़ित परिजन के अनुसार, कार चालक घायल नत्थी को गांव हामिदपुर की ओर ले गया, लेकिन उसे अस्पताल में भर्ती न कराकर पलवल से करीब 45 किलोमीटर दूर यूपी के अलीगढ़ के टप्पल में सड़क किनारे फेंकक फरार हो गया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक नत्थी टेलर था। उसने गांव में ही एक दुकान खोल रखी थी। सूत्रों की मानें तो जिस कार की टक्कर से नत्थी की मौत हुई है, उसमें आरोपी का परिवार भी सवार था। उसमें आरोपी की पत्नी और बच्चे भी बैठे हुए थे। पुलिस के मुताबिक, घटना की जानकारी परिजनों को बाइक पर पीछे बैठे नत्थी के साथी से मिली थी।

### अस्पतालों में तलाश करते रहे

पीड़ित के अनुसार, हादसे में घायल सुरेंद्र किसी तरह अपने घर पहुंचा और हादसे की जानकारी नत्थी के परिजनों को दी। यह जानकारी मिलते ही परिवार के सभी सदस्य उसकी तलाश में जुट गए। परिजन जहां हादसा हुआ, वहां पहुंचे और आसपास के अस्पतालों में तलाश की। किसी भी अस्पताल में उसकी जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने चांदहट थाने में नत्थी के गायब होने की शिकायत दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी अस्पताल से एमएलआर नहीं आई थी।

# लोगों में नफरत फैला रहे पीएम मोदी, बस सत्ता में बने रहना मकसद : प्रियंका गांधी



**वायनाड , एजेंसी।** कांग्रेस नेता और वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने रविवार को चुनावी रैली में कहा, मोदी जी की सरकार सिर्फ अपने बड़े व्यापारी मित्रों के लिए काम करती है। उनका उद्देश्य आपको बेहतर जीवन देना नहीं है। नए रोजगार ढूंढना नहीं है। बेहतर स्वास्थ्य या शिक्षा पहल और कार्यक्रम प्रदान करना नहीं है। इन्हें बस किसी भी तरह से सत्ता में बने रहना है जिसका साधन आपको विभाजित करना है। वे आपके बीच गुस्सा फैला रहे हैं, नफरत फैला रहे हैं। प्रियंका गांधी इस दौरान वायनाड के लोगों की तारीफ करती नजर आईं। उन्होंने कहा, यह ऐसी भूमि है जहां आप सभी एक साथ रहते हैं, चाहे किसी का कोई भी धर्म हो। आपके पास पजहस्सी राजा, थलाक्कल चंथु और एडाचेना कुंकन जैसे नेताओं का साहसी और मजबूत इतिहास रहा है। आपने हमेशा जो सही है उसके लिए लड़ाई लड़ी है। आपने हमेशा उत्पीड़कों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। आपने हमेशा समानता के लिए लड़ाई लड़ी है।

### वायनाड के लोगों ने राहुल गांधी का दिया साथ

प्रियंका ने अपने भाई राहुल गांधी का समर्थन करने के लिए वायनाड के लोगों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, मेरे भाई राहुल गांधी भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। भाजपा की ओर से उन पर हर दिन हमला किया जा रहा था। उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए बड़ा अभियान चलाया गया। मगर, ये आप मेरे भाई और बहन थे, जिन्होंने पहचाना कि यह आदमी सही के लिए लड़ रहा है। वह सच्चाई के लिए लड़ रहा है और आप उसके साथ खड़े हुए। आपने उसका पूरा समर्थन किया और उसे लड़ने का साहस दिया। इससे पहले, प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी के आरोपों को असत्य और निराधार बताते हुए कहा कि सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को देश की परंपराओं का सम्मान करते हुए पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही, राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए असत्य नहीं बोलना चाहिए। वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री को असत्य का सहारा नहीं लेना चाहिए और असत्य बोल कर राजनीतिक लाभ के लिए कांग्रेस को कटघरे में खड़ा नहीं करना चाहिए। भारत की परंपरा सत्य पर आधारित है और असत्य के सहारे मोदी को कांग्रेस को बदनाम नहीं करना चाहिए।




# रोहित, विराट, जडेजा और अश्विन के खिलाफ एक्शन के मूड में बीसीसीआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को 3-0 से शर्मनाक शिकस्त मिली है. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खुद ही हार की जिम्मेदारी ली है. मगर इस हार ने रोहित की कप्तानी, उनकी बल्लेबाजी, विराट कोहली समेत सीनियर खिलाड़ियों पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है. अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भी इन सीनियर खिलाड़ियों के खिलाफ एक्शन लेने के मूड में दिख रहा है.

न्यूजीलैंड से हारने के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की पॉइंट्स टेबल में भी टॉप पोजिशन से नीचे फिसल गई है. साथ ही फाइनल में जाने की राह भी बेहद मुश्किल हो गई है. अब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. यह ऑस्ट्रेलियाई सीरीज कप्तान रोहित, कोहली, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के लिए आखिरी हो सकती है. रिपोर्ट में यह दावा किया है. कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड से तीसरा टेस्ट हारने के बाद भविष्य को लेकर कहा, फिलहाल मैं ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोच रहा हूं. रोहित ने आगे कहा, काफी जरूरी है कि हम अगली सीरीज पर फोकस करें जो ऑस्ट्रेलिया है. हमें ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हटकर कुछ और नहीं सोचने वाला हूं. मेरे लिए फिलहाल वही सीरीज जरूरी है. हम उसपर ही पूरा फोकस करेंगे.

**चारों सीनियर्स ने अपना घरेलू टेस्ट खेल लिया!**

एक सीनियर सूत्र ने कहा, निश्चित रूप से जायजा लिया जाएगा. भारतीय टीम 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना होगी. यह एक बहुत बड़ी हार (न्यूजीलैंड सीरीज) है. ऑस्ट्रेलिया सीरीज बेहद करीब है और टीम का ऐलान पहले ही हो गया है. ऐसे में अब कोई बदलाव नहीं होगा. उन्होंने आगे कहा, यदि इंग्लैंड में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी तो एक बात साफ रहेगी कि चारों सीनियर खिलाड़ी इंग्लैंड दौरे के लिए सेलेक्ट नहीं किए जाएंगे. मामला कुछ भी हो, संभावना है कि सभी चारों ने अपना घरेलू टेस्ट खेल लिया है.

**2011 की तरह ही इस बार भी हो सकता है**

2011 के बाद भी ऐसा ही हुआ था जब सीनियर खिलाड़ियों की टीम से छुट्टी कर दी गई थी. तब टीम में युवा खिलाड़ियों की एंट्री हुई थी. ऐसे में इस बार भी कुछ ऐसा ही प्लान बन सकता है. हालांकि इसके लिए चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और गौतम गंभीर को इस मुद्दे पर बातचीत करनी होगी.

भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4-0 से जीत हासिल करनी होगी. अगर टीम इस दौरान एक भी मैच गंवाती है तो टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हो सकती है. भारत अगर इस साइकिल के लिए क्वालीफाई नहीं करता है तो अगले साइकिल की शुरुआत अगले साल 20 जून से इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ होगी. ऐसे में सेलेक्शन कमिटी को उन खिलाड़ियों को चुनना होगा जो टीम की नींव तैयार कर सकें.

# केएल राहुल, ध्रुव जुरेल टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया में इंडिया ए से जुड़ेंगे




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सीरीज गंवा दी। अब उसे ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 5 टेस्ट मैच खेलने हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के उद्देश्य से भारत के लिए यह सीरीज बहुत महत्वपूर्ण है। यदि वह सीरीज का एक भी मैच गंवा देती है तो उसका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना चकनाचूर हो जाएगा।

इसी कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। इसके लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। इसी के मद्देनजर उसने केएल राहुल और ध्रुव जुरेल को ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला किया है। केएल राहुल और ध्रुव जुरेल 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले कुछ मैच प्रैक्टिस करने को इंडिया ए टीम में शामिल होने के लिए जल्द ही ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेंगे। बीसीसीआई की वरिष्ठ चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ गुरुवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच से पहले इन दोनों को मंगलवार सुबह तक भेजने का फैसला किया है।

भारतीय टीम दो बैचों में ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने वाली है। पता चला है कि टीम प्रबंधन और चयन समिति ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि केएल राहुल और ध्रुव जुरेल ने ज्यादा नहीं खेला है।

केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहला टेस्ट खेला, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। श्रृंखला में ध्रुव जुरेल की एकमात्र भागीदारी एक स्थानापन्न विकेटकीपर के रूप में थी जब ऋषभ पंत के घुटने में चोट लगी थी। भारतीय टीम पर्थ के पुराने टेस्ट स्थल डब्ल्यूएसीए में ट्रेनिंग करेगी, जबकि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा।

## सार समाचार

### ब्रिज ओलंपियाडः

### भारत की सीनियर ब्रिज टीम का शानदार प्रदर्शन, ओलंपियाड में रजत पदक जीता



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी।

अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। इस बीच इसी प्रतियोगिता के साथ खेली गई युगल स्पर्धा में संजीत डे और बिनोद साव की युवा भारतीय जोड़ी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

### डब्ल्यूटीए फाईनल्सः

### कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पेगुला को हराया, स्वियातेक की संघर्षपूर्ण जीत



**रियाद, एजेंसी।** इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था।

अमेरिका की कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हम वतन जेसिका पेगुला को 6-3, 6-2 से हराकर साल के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में बारबोरा क्रेजिसिकोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। यह उनकी पिछले दो महीने में पहली जीत है। इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं।



## गोल्फ

## दीक्षा डागर संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं

### हुल ने जीता खिताब

**रियाद, एजेंसी।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर रविवार को यहां अरामको टीम सीरीज में संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं जबकि चार्ले हुल ने अंतिम दौर में 66 के कार्ड से खिताब अपने नाम किया। दीक्षा ने अंतिम दौर में हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर तीन अंडर 69 बनाया जिससे वह टूर्नामेंट में संयुक्त 29वें स्थान पर रही जबकि प्रणवी उर्स (76) संयुक्त44वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने अंतिम दौर में चार बर्डी और एक बोगी जबकि प्रणवी ने एक बर्डी लगाई और पांच बोगी कर बैठी।

# वेस्टइंडीज का ये बल्लेबाज तो रुकने का नाम नहीं ले रहा, हर मैच में ठोक रहा शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज की टीम अभी इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है. 3 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है. लेकिन, इस बीच वेस्टइंडीज का एक बल्लेबाज अपने अलग ही कारनामें को लेकर सुर्खियां बटोर रहा है. वो धड़ाधड़ शतक ठोक रहा है. रुकने का नाम नहीं ले रहा. जो भी वनडे मुकाबला खेलने उतर रहा है, उसमें सेंचुरी जड़ दे रहा है. कम से कम पिछले 5 दिनों में तो यही दिखा है. इस दौरान 30 साल के कैरेबियाई क्रिकेटर जस्टिन ग्रीव्स ने मैच दर मैच शतक पर शतक ठोककर अब एक नया रिकॉर्ड सेट किया है.

### जस्टिन ग्रीव्स का लगातार तीसरा लिस्ट ए शतक

जस्टिन ग्रीव्स का कारनामा वेस्टइंडीज के घरेलू वनडे टूर्नामेंट सुपर 50 कप में देखने को मिला है. उन्होंने तीसरा लगातार शतक 3 नवंबर को त्रिनिदाद एंड टोबैगो रेड फोर्स टीम के खिलाफ खेले मुकाबले में जड़ा. जस्टिन इस टूर्नामेंट में लीवार्ड आईलैंड हरिकेन टीम का हिस्सा हैं. त्रिनिदाद एंड टोबैगो रेड फोर्स के खिलाफ 3 नवंबर को खेले मैच में उन्होंने 129 गेंदों पर 151 रन ठोके जिसमें 13 चौके शामिल रहे. इस शतक की बदौलत उनकी टीम को मैच में 7 विकेट से जीत मिली. सुपर 50 कप में जस्टिन ग्रीव्स के शतक लगाने का सिलसिला 30 अक्टूबर को वेस्टइंडीज एकेडमी के खिलाफ मुकाबले से शुरू हुआ था. इस मैच में उन्होंने 117 गेंदों पर 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 111 रन बनाए थे.

### ला लिगाः

## बार्सिलोना की एक और जीत, रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बढ़त बनाई

**मैड्रिड, एजेंसी।** बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो



वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया।

दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-1 से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया। बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दक्षिणी स्पेन में बाढ़ के कारण अभी तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस क्षेत्र में होने वाले सेकंड डिवीजन के तीन मैचों को भी स्थगित कर दिया गया है।

बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 में तक बढ़ा दिया है। लीग तालिका में 17वें स्थान पर मौजूद एस्पेनयोल अपने पिछले सात लीग मैचों में से छह हार चुका है। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो शिमोन के बेटे गिउलिआनो शिमोन ने लास पालमास के खिलाफ टीम की 2-0 की जीत में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया। अन्य मैचों में एथलेटिक बिलबाओ ने रियाल बेटिस के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला, जबकि 10वें स्थान पर चल रहे रियाल सोसिदाद ने सेविला को 2-0 से हराया।

# ऋद्धिमान साहा ने किया संन्यास का ऐलान

- 14 हजार से ज्यादा रन वाले भारतीय खिलाड़ी
- वानखेड़े में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वानखेड़े में रविवार को भारतीय टीम का न्यूजीलैंड ने क्लीन स्वीप कर दिया। 3 साल पहले 2021 में जब कीवी टीम भारत दौरे पर आई थी तब इसी मैदान पर मेजबान टीम 372 रन से जीती थी। इस मैच में भारत के लिए विकेटकीपिंग आखिरी बार विकेटकीपर की भूमिका निभाने वाले ऋद्धिमान साहा ने रविवार को क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि वह इस रणजी ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे।

फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और टी20 में कुल मिलाकर 14 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले साहा ने ट्विटर पर पोस्ट करके कहा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायर होने से पहले सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए बंगाल का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर मैं गौरवान्वित हूं। इस सीजन को यादगार बनाएं!

**आईपीएल 2008 से 2024 तक हर सीजन में खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल**

विकेटकीपर बल्लेबाज ने भारत के लिए 40 टेस्ट और 9 वनडे मैच खेले हैं। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस जैसी फ्रेंचाइजी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में 170 मैच भी खेले हैं। वह उन 7 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने आईपीएल 2008 से 2024 तक हर सीजन में खेले। इन 7 में से 2 और खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं।

महेंद्र सिंह धोनी,विराट कोहली,रोहित शर्मा और मनीष पांडे 2025 में भी खेलते दिखेंगे। दिनेश कार्तिक और शिखर धवन ने संन्यास ले लिया है। अब ऋद्धिमान साहा ने भी संन्यास का ऐलान कर दिया है। ध्यान रहे कि साहा की पिछली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस ने उन्हें 2025 सीजन के लिए रिटेन नहीं करने का फैसला किया था। मोहम्मद शमी, डेविड मिलर, आर साई किशोर और मैथ्यू वेड जैसे अन्य बड़े नामों के साथ खिलाड़ी को भी रिलीज कर दिया था।

**त्रिपुरा के लिए भी खेले ऋद्धिमान साहा**

साहा ने 2007 से 2022 तक बंगाल का प्रतिनिधित्व किया और फिर 2 साल के लिए त्रिपुरा के लिए खेले। बंगाल क्रिकेट संघ के एक अधिकारी के साथ मतभेद के बाद साहा पर आरोप लगा था कि वह रणजी मैच न खेलने के लिए बहाने बना रहे हैं। इस साल अगस्त में उनकी बंगाल टीम में वापस हुई थी।

# स्वर्गीय कैप्टन जयपाल सिंह सत्ता के केन्द्र में रहे लेकिन कभी विनम्रता, सादगी और ईमानदारी नहीं छोड़ी





**पन्ना।** अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय कैप्टन जयपाल सिंह अब हमारे बीच नहीं रहे। काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थें उनका बीते दिवस दु:खद निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थें, उनके निधन सें जनसेवा और सिद्धातों पर अटल रहने वाली राजनीति के एक युग का अंत हो गया। कैप्टन साहब का निधन कांग्रेस पार्टी के साथ बुंदेलखंड अंचल और पन्ना के लिए नि:संदेह अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई हो पाना संभव नहीं है। अपने चार दशक के लंबे राजनीतिक और सार्वजानिक जीवन में वे योग्य, कुशल और अनुभवी कैप्टन की तरह अपनी दूरदृष्टि, अदम्य साहस, संयम से हर जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करने के लिए जाने जाते रहे है। मौजूदा युवा पीढ़ी को उनके संबंध में भले ही कुछ खा़स जानकारी न हो पर जिनकी आयु 50 वर्ष या फिर इससे अधिक है वे भलीभांति जानते है, 80 के दशक में जब देश में विषम परिस्थितियों के बीचकी राजनीति में राजीव गांधी का पदार्पण हुआ तो वे अपने साथ अपने कई दोस्तों को भी ले आए थे। राजीव गांधी का दौर कांग्रेस में युवा नेतृत्व का दौर था। उस दौर में कई उच्च्च शिक्षित युवा, पायलट, बिजनेसमैन और फिल्म स्टार राजीव जी की प्रेरणा से राजनीति में आये थे। कैप्टन जयपाल सिंह भी उन्हीं में से एक थे। अपने पायलट के पेशे को छोड़ वह कांग्रेस से जुड़कर मध्यप्रदेश की सक्रिय राजनीति में कूद पड़े। चुंबकीय व्यक्तित्व और बहुमुखी प्रतिभा के धनी जयपाल सिंह ने महज कुछ साल में ही सूबे के राजनीतिक फलक पर ऐसी उड़ान भरी कि सब देखते ही रह गए। वर्ष 1980 में जयपाल सिंह ने पन्ना जिले की पवई सीट से कांग्रेस के टिकिट पर अपना पहला चुनाव लड़ा और बड़े अंतर जीत दर्ज करके विधानसभा पहुंचे। चुनावी राजनीति में सफलता से चमके जयपाल यहां से लगातार नई ऊंचाइयों को छूते गए। तत्कालीन मुख्यमंत्री कुंवर अर्जुन सिंह ने कैप्टन की प्रतिभा को सम्मान देते हुए उन्हें सर्वप्रथम संसदीय सचिव बनाया फिर अपने मंत्रिमण्डल के दूसरे विस्तार में उप मंत्री बाद में गृह राज्यमंत्री का दायित्व सौंपा। वर्ष 1985 में पवई सीट से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने पर जयपाल सिंह को तत्कालीन मुख्यमंत्री मोतीलाल बोरा ने अपने मंत्री मण्डल में गृह मत्रीं बनाया साथ ही आधा दर्जन अन्य महत्वपूर्ण विभाग भी सौंप रखे थे। तब तक सम्पूर्ण मध्य प्रदेश सहित कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व पन्ना के नायाब हीरे कैप्टन की कार्यकुशलता और बहुमुखी प्रतिभा की चमक का कायल हो चुका था। यह वह दौर था जब अविभाजित मध्य प्रदेश में निर्विवाद रूप से कैप्टन जयपाल सिंह का ओहदा नंबर दो का था। मुख्यमंत्री मोतीलाल बोरा की सरकार में उनका गजब का दबदबा रहा। जिसकी आज के समय कल्पना करना भी मुश्किल है। उस समय के लोगों ने बताया कि जब स्वर्गीय जयपाल सिंह पहली बार मंत्री बनें तो उनके साथ गाड़ियो का इतना बड़ा काफिला रहा कि मडला से लेकर पन्ना तक गाड़ियां की लाईन नहीं टूटी, राजीव गांधी के साथ कैप्टन की संबंधो को देखते हुए कांग्रेस के अंदर और विपक्ष समेत प्रशासनिक हलकों में तब तक यह चर्चा होने लगी थी कि मध्य प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री जयपाल सिंह होंगे। गृह मंत्री होते हुए भी हर कोई उन्हें भावी मुख्यमंत्री के तौर पर ही देखता था। कांग्रेस के नेतागण पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ कैप्टन जयपाल सिंह की निकटता के किस्से सुनाते हुए बताते हैं कि, अपनी हत्या के कुछ वर्ष पूर्व राजीव जी भोपाल में विशाल रैली को संबोधित करने आए थे। तब वे एयरपोर्ट से सभा स्थल तक जिस कार से पहुंचे थे उसे कैप्टन ड्राइव कर रहे थे। इस दौरान राजीव जी पीछे की सीट पर नहीं बल्कि कैप्टन के बगल में बैठे और रास्ते में उनसे प्रदेश के संबंध में बात करते रहे। उन्हें वापस एयरपोर्ट छोड़ने के दौरान भी कैप्टन साहब ही कार चला रहें थे। कैप्टन जयपाल सिंह की सबसे अनूठी बात यह थी कि उनके धुर विरोधी भी उनका सम्मान करते थे। सूबे की सत्ता के केंद्र में रहने के बाद भी सत्ता का अहंकार कभी उन पर हावी नहीं हो हुआ। जीवन पर्यन्त वह विनम्र, शालीन, मृदुभाषी रहे। उनका राजनैतिक जीवन सादगी, ईमानदारी और सहजता की खुली किताब है। राजीव गांधी के असामयिक दुखद निधन के बाद कांग्रेस में मची उथल-पुथल से उभरी गुटीय राजनीति के चलते कैप्टन की उड़ान पर अचानक पावर ब्रेक लग गया। लेकिन अर्श से सीधे हांसिये पर जाने के बाद भी वह जरा भी विचलित नहीं हुए। बदली हुई परिस्थितियों-चुनौतियों का सहजता के साथ सामना करते हुए सेवानिवृत्त की उम्र में भी वे पूरी ऊर्जा के साथ कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए वह तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शुभाष यादव, सुरेश पचौरी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव के साथ मिलकर काम करते रहे। आज की पीढ़ी के नेतागण-जनप्रतिनिधि कैप्टन साहब के जीवन संघर्ष से बहुत कुछ यह प्रेरणा ले सकते है मसलन, सत्ता के केंद्र में रहते हुए भी इसके दंभ से दूर रहकर जनसेवा के पथ पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ किस तरह से आगे बढ़ा जाए। और जब सत्ता की चकाचौंध से दूर हों जाएं तो निराश या नाउम्मीद हुए बगैर स्वीकार्य भाव से जीवनपथ पर कर्मयोगी की तरह निरंतर आगे बढ़ते रहें।

# ग्राम पंचायत कुंवरपुर में व्यापक भ्रष्टाचार




**पन्ना।** पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत सबसे बड़ी पंचायत कुंवरपुर में सरपंच, सचिव, उपयंत्री द्वारा मिलकर ग्राम पंचायत के निर्माण तथा विकास कार्यो में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगो द्वारा शिकायते करने के बावजूद भी संबंधितो पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। मनरेगा, योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यो में सरेआम मशीनों का उपयोग किया जा जाता है। तथा फर्जी बिल बाउचर एवं फर्जी मजदूरो के नाम राशि आहरित कर ली जाती है। अभी हाल ही में तालाब निर्माण में सरेआम मशीन चलाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही पन्द्रहवें वित्त तथा पंच परमेश्वर योजना से मिलने वाली राशि में बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है। शोक पिट निर्माण के नाम पर लाखो रूपये की राशि का फर्जीवाड़ा किया गया है। जबकी उक्त शोक पिट केवल औपचारिकता के लिए ही बनाये गये है तथा मनमाने ढंग से बिल बाउचर लगाकर चार लाख रूपये की राशि आहरित कर ली गई है। इसी प्रकार अन्य निर्माण कार्यो के नाम पर भी व्याप्क स्तर पर भ्रष्टचार किया गया है। स्थानीय लोगो ने बताया कि जब से ग्राम पंचायत में प्रीतम सिंह सचिव पदस्थ हुए है तब से उक्त ग्राम पंचायत में लगातार भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। क्योकि ग्राम पंचायत के सरपंच अशिक्षित महिला होने के कारण सचिव द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराये जा रहे है। तथा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने विगत तीन वर्ष मे हुए निर्माण कार्यो की जांच कराये जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# तीन दिवसीय अन्न उत्सव शुरू

## नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में होगा खाद्यान्न वितरण

**पन्ना।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था के सुचारू रूप से क्रियान्वयन तथा समस्त पात्र परिवारों को समय पर खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रति माह की भांति नवम्बर माह में भी 4, 5 एवं 6 तारीख को शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। अन्न उत्सव में जिले की समस्त 428 उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारी की उपस्थिति में राशन का वितरण होगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित खाद्य एवं सहकारिता व अन्य विभाग के अधिकारियों को खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की विशेष निगरानी रखकर सभी पात्र परिवारों को उक्त निर्धारित तिथि में शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा जिले के सभी पात्र परिवारों से भी अपील की गई है कि निर्धारित तिथि पर नजदीकी उचित मूल्य दुकान में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर खाद्यान्न सामग्री प्राप्त करें। उचित मूल्य दुकान संचालक और सहकारी समिति, संस्था के अधिकारी-कर्मचारियों को भी दुकान बंद पाए जाने अथवा खाद्यान्न वितरण नहीं होने या किसी अन्य अनियमितता पर कड़ी कार्यवाही के संबंध में सचेत किया गया है।

# देश भर में मनाया गया भाई दूज का त्यौहार



**पन्ना।** दीपावली के बाद भाई दोज का बड़ा पर्व मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य भाई एवं बहन का अटूट रिस्ता हमेशा बना रहें। इसी लिए बहन अपने भाई को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना करती है, यह त्यौहार पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही पन्ना जिले मे भी यह त्यौहार बड़ें की उत्साह पूर्वक ढंग से मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर मूंह मीठा कराया एवं हमेशा बहन की रक्षा करनें एवं सहयोग करने का आशीर्वाद मांगा।

# अमानगंज नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष को नगरवासियों ने दी श्रद्धांजलि



**पन्ना।** नगर परिषद अमानगंज के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र द्विवेदी का विगत दिवस दुखद निधन हो गया था। श्री दुबें अपनी निष्पक्ष राजनीति के लिए जाने जाते थें। उन्हे नगर वासियों ने नम आँखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजली दी। नगर अमानगंज के रेस्ट हाउस में आयोजित श्रद्धांजली सभा में नगर के बरिष्ठ समाजसेवी, जिले भर से आये बरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारियों, स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने स्वर्गीय द्विवेदी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करतें हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किये। बरिष्ठ काँग्रेसी स्व. राजेंद्र द्विवेदी अपनी निष्पक्ष राजनीति, निर्भीक व स्पष्टवादिता के लिए जाने जाते रहे हैं। उनके द्वारा अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में किए गये जनहितैषी कार्य, नगर में सामंजस्य व एकरुपता व न्यायिक क्षमता हमेशा नगरवासियों के लिए अविस्मरणीय रहेंगी। ज्ञात हो कि स्व. द्विवेदी का लंबी बीमारी के चलते दिनाँक 26/10/2024 को नागपुर में देहांत हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने आपकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। श्रद्धांजलि सभा मे भारी संख्या में सभी दलों के जन प्रतिनिधि, तथा अन्य लोग शामिल रहें। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री वरिष्ठ काँग्रेस नेता राजा पटैरया, पूर्व विधायक महेंद्र वागरी, जीवन लाल सिद्धार्थ, गिरधारी लोधी पवई, पूर्व नगर अध्यक्ष हक्कुन दहायत, रामकेश पाण्डेय पगरा, पार्षद मुकेश चौबे भाजपा, मंडल अध्यक्ष डा. प्रशांत चतुर्वेदी, विक्की मोदी, रामलाल लखेरा, देवेंद्रनगर ब्लाक अध्यक्ष आनंद शुक्ला, रमाकांत पाण्डेय ज्ञानप्रसाद चतुर्वेदी, संजय रेजा, रामेश्वर द्विवेदी जूडी, मथुरा दुवे, एडवोकेट अरुण सक्सेना, मुन्नाराजा सिमरा, संजय पटेल देवेंद्रनगर, दिनेश पाण्डेय, कमल सिंह राजपूत, पियूष देव परमार, सजल ताम्रकार, पुस्पेंद्र चौरहा, धूराम चौधरी, नीरज रैकवार, अमित द्विवेदी, राजदीप गोस्वामी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें। श्रद्धजांलि सभा का संचालन ब्लाक अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

# कार्यपालन यंत्री रहें केपी एस राणा बनें मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता

**पन्ना।** लांक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता के पद पर पन्ना में पदस्थ रहें कार्यपालन यंत्री के पी एस राणा को पदस्थ किया गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में प्रमुख अभियंता रहें आर.के. मेहरा सेवानिवृत्त हो गयें है। उनके स्थान पर श्री राणा को मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा पदस्थ किया गया था। श्री राणा वर्ष 2006-07 के आस पास पन्ना मे कार्यपालन यंत्री रहें है तथा वह अब प्रमुख अभियंता मध्य प्रदेश बनाये गयें है। जिससे पन्ना जिले को भी लाभ मिलेगा तथा लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विकास एवं निर्माण कार्य बेहरत ढंग से संपन्न होगें।

# जनपद अध्यक्ष शाहनगर ने शिव शंकर गौ-शाला आमा में की गौ-पूजा



**पन्ना।** जनपद पंचायत शाहनगर के अध्यक्ष आशीष खरे ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर शिव शंकर गौशाला, ग्राम पंचायत आमा में गोवर्धन पूजा की गई। ग्राम पंचायत द्वारा गौवर्धन पूजन एवं गौ पूजा का आयोजन किया गया था। जिसमें जनपद अध्यक्ष सहित अनेक लोग शामिल हुए थें। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्री खरें ने कहा कि हमारे देश में गौ की पूजा की जाती है, इस लिए सरकार द्वारा भी निर्णय लिया गया है कि सभी गौ शालाओं को संपन्न बनाया जायेगा एवं सभी गायों को गौ शालाओं मे रखा जायेगा। एवं उनकी विधिवत सेवा की जायेगी। सरकार की यहीं मंशा है। ज्ञात हो कि वर्तमान समय में व्याप्क स्तर पर आवारा गोवंश जगह जगह घूम रहे है तथा आये दिन सड़क दुर्घटनाओं मे उनकी मौत हो रही है। जिसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गायों की रक्षा करने के लिए गौ शालाओं को मजबूत बनाने की घोषणा की गई है।

# श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट -2024 का फाइनल मैंच में खोरा ने मड़रका टीम को हराकर बनी विजेता

**पन्ना।** हर वर्षकी भांति इस वर्ष भी अजयगढ़ ब्लॉक की पंचायत स्तरीय टीमो के लिए शीत कालीन सीजन (दीवाली सीजन- 2024) का श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट -2024 का आगाज अजयगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत खोरा में दिनांक 29 अक्टूबर -2024 को हुआ था। जिसमे अजयगढ़ ब्लॉक की पंचायत स्तरीय 8 टीमें ने भाग लिया। जिसके लीग मैच और क्वाटर फाइनल मैच समापन के उपरांत श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का और आज दिनांक -3 नवम्बर 2024 दिन रविवार को श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का फाइनल मुकाबला खोरा और मरडका के बीच दोपहर 1 बजे से खेला गया। आज यह फाइनल मुकाबला निर्धारित 14-14 ओवर का खेला गया जिसमें खोरा टीम ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया और 14 ओवर में 92 रन का बनाकर मरडका टीम को 93 रनो का स्कोर दिया वही मरडका टीम बैटिंग करने उतरी लेकिन खोरा टीम की शानदार फ़ील्डिंग और बॉलिंग के बदौलत निर्धारित 14 ओवर में पिछ्ले सीजन-2023 की विजेता मरडका टीम मात्र 28 रानो में आल आउट हो गयी और इस तरह से खोरा टीम यह फाइनल मुकाबला 65 रानो जीत कर चौम्पियन खिताब अपने नाम किया। और आज इस फाइनल मुकाबले में टूर्नामेंट को सफल बनाने और टीमो के उत्शाह वर्धन के मुख्य अतिथि के रूप भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदरणीय ब्रजेन्द्र मिश्रा जी ,आदरणीय श्री राम रामशिरोमणि जी सरपंच दिया, मंडल अध्यक्ष कौशल किशोर, शुभकान्त सरपंच खोरा, मिहीलाल सरपंच मरडका, लालाराम जनपद सदस्य खोरा, कालका प्रसाद जनपद सदस्य मरडका, रमेश शिक्षक खोरा, रामलाल शिक्षक खोरा, विजय बैद खोरा, शुभम खोरा,योगेश सिंह खोरा, मानवेन्द्र सिंह भदैया, और इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में खोरा चौकी प्रभारी आदरणीय विक्रम भाई साहब सराहनीय योगदान रहा और सभी लोगो की उपस्थिति सरहानीय रही। और इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले को देखने के लिए हजारो की संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। और जिलाध्यक्ष जी ने आयोजन कमेटी को इस तरह के आयोजन के लिए बहुत सरहना की, और आयोजक - महारानी अवंती बाई लोधी यूथ संगठन खोरा अजयगढ़ पन्ना मध्यप्रदेश का सराहनीय योगदान रहा।

# जिला चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सकों को लेकर असंतोष के स्वर गूंज रहे

## कर्तव्यों को लेकर जिला प्रशासन के मुखिया तक मीडिया ने भी रखी बात




**पन्ना।** विगत कई महीनों से पन्ना जिला चिकित्सालय में सेवायें जो मरीजो को मिलनी चाहिए उसमें कहीं न कहीं चिकित्सकों की भूमिका को लेकर असंतोष के हालात तय हो रहे है। जिसके चलते अब यह आवाज नगर में लोगों के बीच में चर्चा का विषय तो बन ही रही है वहीं जिला प्रशासन के मुखिया तक मीडिया ने भी प्रेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान चिकित्सकों की भूमिका को लेकर सवाल उठाये थे। आखिर पन्ना जिला मुख्यालय में जिला चिकित्सालय ही मात्र मरीजों की उपचार की व्यवस्था को लेकर प्रमुख माना जाता है। जहां चिकित्सकों की सेवायें अब औपचारिकता में तब्दील होती जा रही है। जिसको लेकर आम जनता जागरूक होने लगी तभी तो अपनी आप बीती दास्ताओं को लेकर नगर में चर्चा का विषय बन जाती है। अभी हाल में ही जहां प्रेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया ने खुलकर चिकित्सकों के कर्तव्यों को लेकर सवाल उठाये आखिर सरकार के द्वारा जिनके भरोसे मरीजों का इलाज समय पर मिलने के लिए जिम्मेदारी तय की है यहां चिकित्सक अपना हित देखकर जरूरतमंदों को समय पर इलाज प्रदान करने को लेकर लापरवाही के हालात कहें या कि औपचारिकता सेवायें देने में ही मरीज भले ही मजबूरी में हो पर उनके परिजन या मरीज खुद व खुद समझते है। आखिर पन्ना जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों के कर्तव्यों को लेकर कब सुधार होगा। क्या जिम्मेदार अधिकारी इस पर गौर करेगें। वहीं जिला चिकित्सालय के सामने व्हील चेयर अपने हालात को बयां करती है कैसे असहाय मरीज उस पर वार्ड तक पहुंचे वहीं आईसीयू वार्ड में भी जहां रनिंग वाटर शौंचालय में उपलब्ध नहीं हो पाता आखिर जिला चिकित्सालय के जिम्मेदार क्या मॉनीटरिंग के दौरान इस बात पर गौर करें क्या सरकार के द्वारा जब व्यवस्थाओं को बनाया गया है तो इसे बनाये रखने के लिए क्या नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए या कि इस पर भी किसी तरह से जो हालात कायम है उसी तरह बने रहें। यह कहां तक उचित है। आखिर जिला चिकित्सालय में दु:ख की घड़ी में मरीज के उपचार को लेकर परिजन आते है जिन्हें मरीज के साथ समस्याओं का सामना करना पड़े। वहीं उपचार को लेकर भी औपचारिकता या फिर रेफर करना तत्कालिक उचित मान लेते है चिकित्सक जरा उनकी मजबूरी तो समझे आप के भरोसे उपचार के लिए आते है और आप उन्हें भार समझकर रेफर करते है। धड़ल्ले से अपने निजी प्रक्टिश पर मन लगाकर सेवायें दे रहे है यहां सब जानते है पर आपकी सेवा शासन के द्वारा जिला चिकित्सालय में भी जरूरी है। जिस पर गौर करना लाजमी है।

आखिर आम आदमी को दु:ख की घड़ी में भगवान के बाद चिकित्सक पर ही भरोसा होता है। जिसको लेकर आपके कर्तव्य सदैव हर मरीज के साथ वह घड़ी यादगार बनती है देखना यह है कि चिकित्सकों की सेवायें कब सुधार की दिशा तय करेगें या कि जिम्मेदारो के द्वारा शख्त कदम उठाये जाने का इंतजार करेगी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, मंगलवार 05 नवम्बर 2024




उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा स्थित निज निवास में आमजनों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं उनके तात्कालिक व यथोचित निराकरण हेतु संबद्ध अधिकारियों को निर्देशित किया।



# बहुती माइक्रो इरिगेशन से 30 दिनों में किसानों को पानी दें : उप मुख्यमंत्री

## हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य तत्काल शुरू करें : शुक्ल

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने संभाग की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-मोटी बाधाओं के कारण बहुती माइक्रो इरिगेशन से सिंचाई शुरू नहीं हो पा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी बहुती नहर निर्माण के छूटे हुए भाग में तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराएं। निर्माण कार्य के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमिश्नर तथा पुलिस महानिरीक्षक आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। लगभग 10 स्थानों में अधिग्रहीत भूमि पर निर्माण कार्य में बाधा डालने के कारण 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है। सभी निर्माण कार्य 30 दिन में पूरा करके बहुती माइक्रो इरिगेशन से किसानों को सिंचाई के लिए पानी दें।



बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना से सीधी, मऊगंज और रीवा जिले के बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। इसके लिए शासन द्वारा चार हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसका मुख्य बांध सीधी जिले में सोन नदी पर बनाया जाएगा। इससे उद्वहन द्वारा पानी मऊगंज और हनुमना में पहुंचाया जाएगा। परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति तथा अन्य सभी अनुसंशाओं के लिए तत्काल आवेदन कर दें। मुख्य वन संरक्षक परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए विभागीय मापदण्डों के अनुसार शीघ्र स्वीकृतियाँ जारी कराएं। उप मुख्यमंत्री ने नईगढ़ी सूक्ष्म दाब सिंचाई परियोजना की नहरों का निर्माण भी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के सभी जिलों में विकास को गति देने के लिए ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा सिंचाई परियोजनाओं के कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं, जिससे 2025 में रीवा रेलवे लाइन से सीधी जिले से जुड़ जाए। बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग ने सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

बैठक में बताया गया कि बहुती सिंचाई परियोजना में 21 किलोमीटर नहर तथा छुहिया घाटी में 3.1 किलोमीटर की टनल का निर्माण पूरा हो गया है। मैहर, सीधी और रीवा जिले के कुल 11 स्थानों में नहर निर्माण के लिए अर्जित भूमि पर निर्माण कार्य में कठिनाई आ रही है। इन कठिनाईयों को दूर करके 30 दिन में निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाएगा। बैठक में जिला गौ संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि जल संसाधन विभाग 15 अक्टूबर तक नहरों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ दे तो गेंहू और चने की फसल की समय पर बुवाई हो जाएगी। इससे उत्पादन बढ़ेगा तथा किसान को गर्मी में तीसरी फसल के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। इसके लिए किसानों को भी जागरूक करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, जल संसाधन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कमिश्नर आज करेंगे विभागीय कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद 5 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभी विभागों की प्रमुख गतिविधियों की भी समीक्षा की जायेगी। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी है। सभी संभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। जिन विभागों में संभागीय अधिकारी पदस्थ नहीं हैं उनके जिला अधिकारी संभागीय जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहेगें।

## कलेक्टर 8 नवम्बर को करेंगी निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

**रीवा।** जिले में विभिन्न विभागों द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 8 नवम्बर को विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगी।

# मनकामेश्वर शिव मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र पूरा करें

## उप मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के मध्य में स्थित कोठी कंपाउण्ड मनकामेश्वर शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राचीन शिव मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केन्द्र है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ दर्शन करने आते हैं। जन सहयोग से मंदिर के जीर्णोद्धार और परिसर विकास का कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करें। मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला को सात दिवस में उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कर दें जिससे मंदिर परिसर का निर्माण तेजी से किया जा सके। निर्माण कार्य की अवधि में शासकीय कन्या महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के स्थान पर वैकल्पिक स्थान से महाविद्यालय में आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा होने के बाद यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह मंदिर सबके आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उप मुख्यमंत्री ने तकनीकी अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के समय कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, राजेश पाण्डेय, मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**रीवा।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशिर्वाद भिलाला तथा श्री अभय मिश्रा जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा विधिक सहायता के माध्यम से नामांकित अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह, अनीष कुमार पाण्डेय, सुश्री आरती तिवारी, मंजूर अहमद, आनंद पाण्डेय, सुश्री प्रिया मिश्रा, सुश्री उमा सोंधिया, सुश्री प्राची सिंह एवं नारेन्द्र शर्मा द्वारा जेल के आंतरिक भाग अस्पताल, बंदी वार्डों, पाकशाला, महिला खण्ड, व्ही.सी. कक्ष का भ्रमण एवं निरीक्षण कर जेल अधिकारियों की उपस्थिति में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि शिविर में कानून प्रक्रिया के प्रावधान एवं जेल में परिरूद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्राप्त किए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में लगभग 600 विचाराधीन बंदी उपस्थित रहे। विधिक सहायता शिविर को सफल बनाने में कुमार गेंदले योगेन्द्र पमार उप जेल अधीक्षक, श्याम सिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक का विशेष योगदान रहा।

## कृषि उत्पादन आयुक्त 20 नवम्बर को करेंगे समीक्षा

**रीवा।** कृषि उत्पादन आयुक्त 20 नवम्बर को आयोजित बैठक में रीवा और शहडोल संभाग के कृषि आदानों की समीक्षा करेंगे। बैठक में खरीफ फसल 2024 के लक्ष्यों की पूर्ति तथा रबी फसल की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, सहकारिता सहित कृषि से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर बीएस जामोद ने संबंधित अधिकारियों को बैठक के एजेंडा बिंदुओं की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने बताया है कि बैठक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की सहयोग राशि जमा कराएं

## समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करें : अपर कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करें। सभी एसडीएम किसान सम्मान निधि तथा सीमांकन के प्रकरणों का विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं। त्योंथर, हुजूर तथा मनगवां अनुभागों में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। सीएम हेल्पलाइन में भी प्रकरणों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण न होने के कारण कई विभागों की रैंकिंग में गिरावट आई है। सभी अधिकारी 50 दिन से अधिक से लंबित शिकायतों तथा अक्टूबर माह की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, वित्त विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग तथा पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि बजट आवंटन के कारण सीएम हेल्पलाइन के जो प्रकरण लंबित हैं उनके संबंध में माँग पत्र वरिष्ठ कार्यालय को तत्काल भेजें। समुचित कारण होने पर ही आवेदन को फोर्स क्लोज करें। सभी अधिकारी सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की इस वर्ष की सहयोग राशि दो दिवस में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा करा दें। सैनिक कल्याण कार्यालय के बैंक खाते में भी ऑनलाइन राशि जमा कराने की सुविधा है। समय सीमा में सहयोग राशि जमा न करने पर दोगुनी राशि देनी होगी। यह राशि भूतपूर्व सैनिकों तथा सैन्य विधवाओं के कल्याण में व्यय की जाती है। सभ अधिकारी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वेच्छा से अधिकतम सहयोग राशि जमा कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्यों से भी सहयोग राशि जमा कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की सतत निगरानी करें। सभी राजस्व अधिकारी उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण नियमित रूप से करें। उप संचालक कृषि किसानों को खाद और बीज की आपूर्ति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण कराएं। जिला प्रबंधक मार्कफेड आवश्यक होने पर बड़े खाद वितरण केन्द्रों में अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था करें। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को धान उपार्जन की तैयारी के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने विजय विलास होटल का किया उद्घाटन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा रिंग रोड रतहरा में नवनिर्मित भव्य विजय विलास होटल का गत दिवस शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रीवा विकास के मार्ग पर अग्रसर है। शासकीय अधोसंरचना निर्माण कार्यों के साथ-साथ रीवा में स्थानीय युवाओं द्वारा भी अनेक प्रतिष्ठान निर्मित कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में विजय विलास होटल का निर्माण किया गया है। जो रीवा में आतिथ्य सत्कार में अपना प्रमुख स्थान बनायेगा। उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालकों को शुभकामनाएँ देते हुए उतरोत्तर उन्नति की कामना की तथा कहा कि अन्य लोग भी इसी प्रकार रीवा की उन्नति में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि रीवा में साफ सुथरी हरीतिमा युक्त विभिन्न कालोनियों में विदेशों की कालोनियों की झलक दिखती है इससे लगता है कि रीवा अब किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। इस अवसर पर विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह ने रीवा के उत्तरोत्तर विकास के लिये उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि यहां के युवा महानगर की तर्ज में कालोनियों व होटल सहित अन्य प्रतिष्ठान बनाकर रीवा के बढ़ते स्वरूप में अपना योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पूर्व विधायक रामप्रताप सिंह, रिटार्यड जीएम यूबी तिवारी, उपेन्द्र सिंह, सचिन सिंह तथा विजय विलास के डायरेक्टर ऐश्वर्य सिंह तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# समय पर इलाज नहीं मिलने से आखिरकार मौत हो गई

**रीवा।** कहने को स्थानीय संजय गांधी अस्पताल में रीवा संभाग के तमाम मरीज अच्छे इलाज की आशा में भर्ती होने आते हैं लेकिन यहां नाम बड़े दर्शन छोटे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। अस्पताल में भर्ती होने की जगह होने के बावजूद मरीज को इस प्रत्याशा में भर्ती नहीं किया जाता कि उन पर कोई वरदहस्त नहीं है। साफ-साफ कहा जाता है कि किसी बड़े से फोन कराओ तब भर्ती किया जाएगा। मौत के मुंह जूझ रहे मरीजों को तत्काल भर्ती करके इलाज शुरू करने की जगह उन्हें करीब ढाई सौ किलोमीटर दूर जबलपुर ले जाने की सलाह दे दी जाती है। मरीज के परिजन मजबूर होकर कई अस्पतालों का चक्कर लगाते हुए इधर-उधर भागते रहते हैं और समय पर सही इलाज नहीं मिलने के कारण मरीज की मौत हो जाती है। साल भर में ऐसे सैकड़ो मामले हैं लेकिन कोई खुलकर सामने नहीं आता है। आखिरकार बड़े लोगों और डॉक्टरों से पंगा कौन मोल ले? ऐसी ही एक दुखद घटना रामपुर नैकिन निवासी राजबहोर शर्मा के साथ हुई जो 1 नवंबर 2024 को सिंगरौली जिले के बरगवां में सड़क पार करते समय एक मोटरसाइकिल की चपेट में आने के कारण मस्तिष्क आघात के शिकार हो गए। उन्हें बेहोशी हालत में पहले सिंगरौली जिला मुख्यालय बैढ़न के शासकीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें रीवा के संजय गांधी चिकित्सालय में भर्ती होने की सलाह दी। किसी तरह रात में उन्हें रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां वेंटिलेटर नहीं होने की बात करके उन्हें भर्ती करने की जगह जबलपुर ले जाने को कहा। 2 नवंबर को जबलपुर के शासकीय अस्पताल में भी वेंटिलेटर नहीं होने की बात कहकर भर्ती करने की जगह वहां के डॉक्टरों ने मरीज को वापस संजय गांधी अस्पताल रीवा ले जाने को कहा। जबलपुर से रीवा आकर जब संजय गांधी अस्पताल में मरीज को भर्ती करने की कोशिश की गई तो वहां वेंटीलेटर ना होने का बहाना करते हुए भर्ती करने से इनकार कर दिया गया।

# राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 6 नवम्बर को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 6 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी।

बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भूमि आवंटन तथा भू अर्जन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, राजस्व वसूली, न्यायालय में लंबित प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी प्रकरणों, प्राकृतिक आपदा में राहत राशि के वितरण तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। सभी राजस्व अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## खनि रियायत संबंधी प्रकरणों की समीक्षा बैठक 11 नवम्बर को

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 11 नवम्बर को सुबह 11 बजे से बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद वन सीमा से 250 मीटर की परिधि में आने वाली जमीनों में खनि रियायत संबंधी सतना जिले के प्रस्तावों की समीक्षा करेंगे। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# संस्कृति के विरासत के पुनस्थापना के दौर में रीवा भी पीछे नहीं है : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि देश में संस्कृति के विरासत के पुनस्थापना का दौर चल रहा है। इस कार्य में रीवा भी पीछे नहीं है। रीवा में अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक विरासतों को सहेजने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है। लक्ष्मणबाग में बिछिया रिवर फ्रंट (परिक्रमा पथ) के बन जाने से लक्ष्मणबाग धाम में विराजमान चारोधाम के देवताओं का श्रद्धालु परिक्रमा कर पुण्य प्राप्त कर सकेंगे। श्री शुक्ल ने एक करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से बिछिया रिवर फ्रंट (परिक्रमा पथ) व लक्ष्मणबाग परिसर में पुनरूद्धार कार्यों का लोकार्पण किया।





इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मणबाग धाम में चारोधाम के देवताओं के मंदिर हैं। विन्ध्यवासी चारोधाम की यात्रा करने के बाद जब यहाँ आकर दर्शन करते हैं तभी उनकी चारोधाम की यात्रा पूर्ण मानी जाती है। यह हमारी संस्कृति का मनोरम स्थल है जो हरीतिमा से आच्छादित है। यहाँ उत्तरगामी बिछिया नदी प्रवाहमान है। साथ ही यह हजारों गायों की भी शरणस्थली है। इसके साथ ही यहाँ संस्कृत विश्वविद्यालय की भी स्थापना कराई गई है। अब यह परिसर एक गुरूकुल का परिपूर्ण परिसर हो गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में नदी, तालाबों व छोटे सरोवरों के जीर्णोद्धार का कार्य कराकर इन्हें सुरम्य बनाया गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि नैकहाई की वीरता का इतिहास भी आने वाली पीढ़ी को बताने की आवश्यकता है। एसटीपी का निर्माण हो जाने से बिछिया व बीहर नदी का जल पूर्णतः स्वच्छ हो जाएगा। श्री शुक्ल ने रीवा में सहेजे व संवारे गए सभी कार्यों का लोगों से जिम्मेदारी पूर्वक संरक्षित रखने का आह्वान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाला व्यंकटेश शास्त्री ने कहा कि स्वर्गीय भैयालाल जी शुक्ल ने लक्ष्मणबाग संस्थान के पुनरूद्धार का बीड़ा उठाया था। उसे उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल पूरा कर रहे हैं। लक्ष्मणबाग की भूमि ऐतिहासिक व धार्मिक है और इसका प्रभुत्व है। इस अवसर पर डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि यह पवित्रता का शुभ स्थान है। ऋषियों-मुनियों की यह तपोस्थली रही है। परिक्रमा पथ के बन जाने से श्रद्धालु चारोधाम के देवताओं की परिक्रमा कर सकेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मणबाग संस्थान डॉ अनुराग तिवारी ने बताया कि लक्ष्मणबाग में संस्कृत विश्वविद्यालय के लिए सात कमरों में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। यहाँ 110 छात्र अध्ययनरत हैं तथा कुल 140 छात्रों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। 50 छात्रों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था छात्रावास में की गई है। इस परिसर में प्राचीन गुरू एवं शिष्य की परंपरा पल्लवित हो रही है। प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि एक करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से मंदिर के तीन तरफ 400 मीटर का पाथवे बनाया गया है। पाथवे के किनारे रिक्त भूमि में ग्रीनरी की व्यवस्था की गई तथा बैठने के लिए कुर्सियाँ भी लगाई गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन को दी गई है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, अध्यक्ष लक्ष्मणबाग गौशाला घनश्याम ताम्रकार सहित सहायक यंत्री हाउसिंग बोर्ड हिमांशु वर्मा, अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833